दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



इस दिन धूम मचाएगी रजनीकांत की फिल्म....

आलिया का दिखा जबरदस्त एक्शन अवतार.......

वर्ष : 10 | अंक : 269 | लखनऊ, 10 सितम्बर, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# राष्ट्रपति मुर्मू ने की अबू धाबी के क्राउन प्रिंस से मुलाकात

## ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ संबंधों को सराहा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि क्राउन प्रिंस की यात्रा के दौरान, भारत और यूएई ने सहयोग के नए क्षेत्रों में कई समझौतों के माध्यम से ऐतिहासिक लेकिन दूरदर्शी साझेदारी का और विस्तार किया है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति का समझौतों का संदर्भ क्राउन प्रिंस की राष्ट्रीय राजधानी की दो दिवसीय यात्रा के मौके पर भारत और अबू धाबी के बीच हस्ताक्षरित पांच नए एमओयू से संबंधित है।

विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित समझौतों में एमिरेट्स न्यूक्लियर एनर्जी कंपनी (ईएनईसी) और न्यूक्लियर पावर कोऑपरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के बीच बराक परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालन और रखरखाव के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन, अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौता, एडीएनओसी और इंडिया स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के बीच समझौता ज्ञापन, ऊर्जा भारत के बीच अबू धाबी ऑनशोर ब्लॉक 1 के लिए उत्पादन रियायत समझौता शामिल है। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय ने पहले एक अलग बयान जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दौरे पर आए अबू धाबी क्राउन प्रिंस के बीच हुई बातचीत की भी जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जिसवाल ने कहा, अपनी बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने बहुआयामी भारत-अबू धाबी संबंधों और नए और उभरते क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

## यागी चक्रवात का कहर, पुल ढहने से 59 लोगों की मौत, बस और कारें बाढ़ में बह गईं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, वियतनाम में तूफान के बाद हुई भारी बारिश के कारण सोमवार को बाढ़ में एक पुल ढह गया और एक बस बह गई, जिससे दक्षिण पूर्व एशियाई देश में कम से कम 59 लोगों की मौत हो गई और निर्यात-केंद्रित उत्तरी औद्योगिक केंद्रों में व्यवसाय और कारखाने बाधित हो गए। राज्य मीडिया वीएन एक्सप्रेस ने बताया कि उष्णकटिबंधीय अवसाद में कमजोर होने से पहले शनिवार को वियतनाम में टाइफून यागी के पहुंचने से नौ लोगों की मौत हो गई और इसके परिणामस्वरूप आई बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 50 अन्य लोगों की मौत हो गई। उत्तरी वियतनाम में कई नदियों का जल स्तर खतरनाक रूप से ऊँचा था। पहाड़ी काओ बांग प्रांत में भूस्खलन के कारण 20 लोगों को ले जा रही एक यात्री बस बाढ़ वाली धारा में बह गई। बचावकर्मी तैनात किए गए लेकिन भूस्खलन ने उनका रास्ता रोक दिया।

# 69000 शिक्षक भर्ती मामले में अखिलेश यादव का योगी सरकार पर तंज

## भाजपा न इनकी सगी है, न उनकी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के 69000 शिक्षक भर्ती मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर सोमवार को रोक लगा दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ सामान्य वर्ग के चयनित उम्मीदवारों द्वारा दायर मामले की सुनवाई कर रही थी। अब इसी के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने राज्य की योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा कि भाजपा सरकार नौकरी देनेवाली सरकार नहीं है।

अखिलेश ने कहा कि 69000 शिक्षक भर्ती मामले में उप्र की सरकार दोहरा खेल न खेले। इस दोहरी सियासत से दोनों पक्ष के अभ्यर्थियों को ठगने और सामाजिक, आर्थिक व मानसिक रूप से ठेस पहुँचाने का काम भाजपा सरकार न करे। उप्र की भाजपा सरकार की भ्रष्ट-प्रक्रिया का परिणाम अभ्यर्थी क्यों भुगतें। जो काम 3 दिन में हो सकता था, उसके लिए 3 महीने का इंतजार करना और ढिलाई बरतना बताता है कि भाजपा सरकार किस तरह से नयी सूची को जानबूझकर न्यायिक प्रक्रिया में उलझाना व सुप्रीम कोर्ट ले जाकर शिक्षक भर्ती को फिर से लंबे समय के लिए टालना चाह रही है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ले जाकर भर्ती लटकाने की भाजपाई चालबाजी को अभ्यर्थी समझ रहे हैं। उप्र भाजपा सरकार का ऐसा आचरण घोर निंदनीय है। भाजपा न इनकी सगी है, न उनकी। उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाते हुए प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने रवि कुमार सक्सेना और 51 अन्य द्वारा दायर याचिका पर राज्य सरकार और उप्र बेसिक शिक्षा बोर्ड के सचिव सहित अन्य को नोटिस भी जारी किए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगी। साथ ही, न्यायालय ने संबंधित पक्षों के वकीलों से कहा कि वे अधिकतम सात पृष्ठों के संक्षिप्त लिखित ह्यनोटह्न दाखिल करें। पीठ ने कहा कि वह याचिका पर सुनवाई 23 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में तय करेगी।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,224/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,332.72 |
| निफ्टी | 24,834.85 |

## पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के 29 पदक जीतने से देश बेहद खुश: पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत इस बात से बेहद खुश है कि उसके असाधारण पैरा-एथलीट ने पैरालंपिक खेलों में 29 पदक जीते हैं जो इन खेलों में देश के शामिल होने के बाद से उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पैरालिंपिक 2024 विशेष और ऐतिहासिक रहा है। भारत इस बात से बेहद खुश है कि हमारे असाधारण पैरा-एथलीटों ने 29 पदक जीते हैं, जो खेलों में भारत के पदार्पण के बाद से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे खिलाड़ियों की अटूट लगन और अदम्य भावना के कारण मिली है। मोदी ने कहा, खेलों में उनके प्रदर्शन ने हमें कई यादगार पल दिए हैं और कई उभरते खिलाड़ियों को प्रेरित किया है।

# लोकसभा नतीजों के बाद लोगों ने बीजेपी से डरना बंद कर दिया : राहुल गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, टेक्सास के डलास में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव के बाद संसद में अपने पहले भाषण में उन्होंने अभयमुद्रा का उल्लेख किया, जो सभी भारतीय धर्मों में मौजूद निडरता का प्रतीक है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा इसे बर्दाश्त या समझ नहीं सकती। उन्होंने कहा, दूसरी बात यह हुई कि भाजपा का डर खत्म हो गया। हमने देखा कि चुनाव परिणाम आने के कुछ ही मिनटों के भीतर भारत में कोई भी भाजपा या भारत के प्रधानमंत्री से नहीं डरता था। इसलिए ये बहुत बड़ी उपलब्धियां हैं, राहुल गांधी या कांग्रेस पार्टी की नहीं। ये भारत के लोगों की बड़ी उपलब्धियां हैं जिन्होंने लोकतंत्र को महसूस किया है, ह्वराहुल गांधी ने कहा।

### टेक्सास में राहुल गांधी ने आरएसएस के बारे में कही ये बात

उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मानता है कि भारत एक विचार है, जबकि उनकी पार्टी का मानना है कि भारत विचारों की बहुलता है। उन्होंने कहा, आरएसएस का मानना है कि भारत एक विचार है और हमारा मानना है कि भारत विचारों की बहुलता है। हमारा मानना है कि सभी को भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, सपने देखने की अनुमति दी जानी चाहिए और उनकी जाति, भाषा, धर्म, परंपरा या इतिहास की परवाह किए बिना उन्हें स्थान दिया जाना चाहिए।



राहुल गांधी ने कहा, यह लड़ाई है और यह लड़ाई चुनाव में स्पष्ट हो गई, जब भारत के लाखों लोगों को स्पष्ट रूप से समझ में आ गया कि भारत के प्रधानमंत्री भारत के संविधान पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द संविधान में निहित है, जिसे उन्होंने आधुनिक भारत की नींव बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जब उन्होंने संविधान पर जोर दिया तो लोगों ने उनका संदेश समझ लिया। ह्लमैंने देखा कि जब मैं संविधान का मुद्दा उठाता था तो लोग समझ जाते थे कि मैं क्या कह रहा हूँ। वे कह रहे थे कि भाजपा हमारी परंपरा पर हमला कर रही है, हमारी भाषा पर हमला कर रही है, हमारे राज्यों पर हमला कर रही है, हमारे इतिहास पर हमला कर रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने जो समझा वह यह था कि जो कोई भी भारत के संविधान पर हमला कर रहा है, वह हमारी धार्मिक परंपरा पर भी हमला कर रहा है,ᄛ गांधी ने कहा।

**संक्षिप्त समाचार**

### यूपी के 69 हजार शिक्षक भर्ती से जुड़ी बड़ी खबर

#### हाई कोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगा दी रोक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के 69000 शिक्षक भर्ती मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर सोमवार को रोक लगा दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ सामान्य वर्ग के चयनित उम्मीदवारों द्वारा दायर मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेआई ने कहा कि हमने हाई कोर्ट का फैसला देखा है। हम आपकी एक बात सुनेंगे। इस बीच शीर्ष अदालत ने याचिका पर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को भी नोटिस जारी किया है। इसके अलावा कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से भी जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को तय की है। कोर्ट ने राज्य सरकार और दोनों पक्षों से लिखित दलीलें पेश करने को कहा है। अपने फैसले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जून 2020 और जनवरी 2022 की चयन सूची को रद्द करते हुए, यूपी सरकार को 2019 में आयोजित सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 69,000 शिक्षकों की नई चयन सूची तीन महीने में जारी करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि यदि आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी सामान्य वर्ग के बराबर मेरिट हासिल कर लेता है तो उसका चयन सामान्य वर्ग में ही माना जाना चाहिए। हाईकोर्ट के इस आदेश से यूपी में बड़ी संख्या में कार्यरत शिक्षकों की नौकरी जाने का खतरा पैदा हो गया था। गौरतलब है कि आरक्षित वर्ग के कुछ अभ्यर्थी सरकार पर आरक्षण लागू न करने का आरोप लगाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचे थे। हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि यदि आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी सामान्य वर्ग के बराबर मेरिट हासिल कर लेता है तो उसका चयन सामान्य वर्ग में ही माना जाना चाहिए।

# फिर दिवाली होगी बिना पटाखों वाली, दिल्ली सरकार ने 1 जनवरी 2025 तक उत्पादन और बिक्री पर लगाई रोक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली सरकार ने आगामी सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों के उत्पादन, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक बयान में कहा कि प्रतिबंध में पटाखों की ऑनलाइन बिक्री और डिलीवरी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए दिल्ली पुलिस, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और राजस्व विभाग के साथ मिलकर एक कार्य योजना तैयार की जाएगी।

राय ने बयान में कहा कि पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध 1 जनवरी, 2025 तक लागू रहेगा।' उन्होंने कहा, यह प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 21 फोकस बिंदुओं पर आधारित दिल्ली सरकार की शीतकालीन कार्य योजना का एक हिस्सा है। इससे पहले गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को कहा था कि सर्दियों में शहर में प्रदूषण का स्तर चरम पर होने पर सरकार 21 सूत्री शीतकालीन कार्य योजना पर ध्यान केंद्रित करेगी। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), दिल्ली पुलिस, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) समेत 35 प्रमुख विभागों के साथ एक संयुक्त बैठक हुई। राय ने बताया कि बैठक के दौरान अधिकारियों ने इस साल और अधिक मजबूत योजना को लागू करने की रणनीतियों पर चर्चा की। राय ने प्रेस वार्ता में कहा, ह्लपिछले साल की तरह, सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है, खासकर सर्दियों के महीनों के दौरान जब यह चरम पर होता है। इस बार, हम 21-सूत्रीय शीतकालीन कार्य योजना के हिस्से के रूप में नए उपायों पर ध्यान केंद्रित करेंगे ।ह्व मंत्री ने कहा कि आगामी सर्दियों की तैयारी के लिए सरकार ने अपनी शीतकालीन कार्य योजना के उन्नत संस्करण पर काम करना शुरू कर दिया है। पिछले साल सरकार ने प्रदूषण कम करने के लिए 15 सूत्री व्यापक कार्य योजना लागू की थी।

## तकनीकी खराबी से रुकी नयी दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली से वाराणसी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण इटावा जिले के भरथना और साम्हो के बीच रूक गयी, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सोमवार सुबह गाड़ी संख्या 22436, नयी दिल्ली : वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस के इंजन में तकनीकी खराबी आ गयी। उन्होंने बताया कि यह गाड़ी भरथना-साम्हो के बीच तकनीकी खराबी के कारण रुक गयी। इसके बाद एक राहत इंजन वहां 10:24 बजे पहुंचा और गाड़ी को भरथना स्टेशन पर लाया गया। उन्होंने बताया कि इस गाड़ी के यात्रियों को अलग-अलग ट्रेनों के जरिये कानपुर रवाना किया गया। सिंह ने बताया कि यात्रियों को कानपुर से वाराणसी भेजने के लिए एक विशेष गाड़ी का करीब पौने तीन बजे दोपहर इंतजाम किया गया। यह गाड़ी वंदे भारत के यात्रियों को लेकर वाराणसी के लिए रवाना हुई। इस दौरान रेलवे ने यात्रियों की खान पान सम्बन्धी सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त प्रबंध किये।

## बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट का चुनावी पारी का रास्ता हुआ साफ, उत्तर रेलवे ने मंजूर किया इस्तीफा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारतीय रेलवे ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया के इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं। साथ ही साथ दोनों खिलाड़ियों को जितनी जल्दी हो सके राहत मिलने की उम्मीद है। इससे पहले उत्तर रेलवे (एनआर), जहां दोनों पहलवान काम करते थे, ने पहले उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था जब उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से उनकी पार्टी में शामिल होने के लिए मुलाकात की थी। एनआर ने कहा था कि कारण बताओ नोटिस सेवा मानदंड का हिस्सा था क्योंकि वे सरकारी कर्मचारी थे। नोटिस के बाद दोनों ने रेलवे से इस्तीफा दे दिया।

पुनिया और फोगाट दोनों हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए और फोगाट को हरियाणा के जुलाना विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया गया है। उत्तर रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, अब, चूंकि रेलवे ने उनका इस्तीफा स्वीकार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, इसलिए उनके चुनाव लड़ने में कोई बाधा नहीं है। पहले ऐसी अटकलें थीं कि फोगाट तीन महीने की नोटिस अवधि के मानदंड के मद्देनजर चुनाव नहीं लड़ पाएंगी। चुनाव नियमों के अनुसार, चुनाव लड़ने के योग्य होने के लिए उन्हें रेलवे से आधिकारिक तौर पर कार्यमुक्त होना होगा।

विनेश फोगाट ने आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें लोगों के आशीर्वाद से हर लड़ाई जीतने की उम्मीद है। फोगाट (30) को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जुलाना विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। हरियाणा में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच अक्टूबर को होगा जबकि मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। जुलाना पहुंचने पर फोगाट का गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा बुजुर्गों, महिलाओं और विभिन्न खापों के सदस्यों समेत उनके समर्थकों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया तथा आशीर्वाद दिया।

# जल, थल और नभ की ताकत, तेजस एमकेटू 2 के साथ भारत और अमेरिकी सेना का युद्धाभ्यास

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारत के रक्षा बलों के लिए एक ऐतिहासिक घटना में, भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के उप प्रमुखों ने पहली बार स्वदेशी रूप से निर्मित हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस में एक साथ उड़ान भरी। यह ऐतिहासिक उड़ान भारत की बढ़ती एकीकृत रक्षा क्षमताओं को रेखांकित करती है और आधुनिक चुनौतियों का सामना करने में क्रॉस-डोमेन सहयोग के प्रति देश की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ (वीसीएएस) एयर मार्शल एपी सिंह ने मुख्य लड़ाकू विमान को उड़ाकर मिशन का नेतृत्व किया, जबकि वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि और वाइस चीफ ऑफ नेवल स्टाफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने तेजस के ट्विन-सीटर वेरिएंट में उड़ान भरी।

उनकी संयुक्त भागीदारी पहली बार है कि सशस्त्र बलों की तीनों शाखाओं के उप प्रमुखों ने एक ही अभ्यास में उड़ान भरी है, जो सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच तालमेल पर बढ़ते जोर को दर्शाता है। यह उड़ान भारतीय वायु सेना के बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति 2024 के हिस्से के रूप में जोधपुर के आसमान पर हुई। भाग लेने वाले मित्रवत विदेशी देशों (एफएफसी) के बीच अंतरसंचालनीयता और परिचालन समन्वय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभ्यास भारत का अपनी तरह का पहला अभ्यास है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, तरंग शक्ति 2024 विभिन्न सैन्य क्षमताओं में मजबूत रक्षा संबंधों और सहयोग को बढ़ावा देना चाहता है। इस अभ्यास में तेजस को शामिल करना भारत के रक्षा बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण में स्वदेशी प्लेटफार्मों द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

गौरतलब है कि एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) द्वारा डिजाइन और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान तेजस भारत की 'मेक इन इंडिया' पहल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करता है। यह घरेलू स्तर पर उत्पादित, अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से विदेशी आयात पर निर्भरता को कम करके अपने सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरा करने की भारत की बढ़ती क्षमता पर प्रकाश डालता है।

## पूर्वी माता मंदिर में हवन पूजन के बाद प्रसाद हुआ वितरित

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।समाज की सुख, शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना करते हुए, मऊ ग्राम की प्राचीन ऐतिहासिक ₹मानव पूजा₹, पूर्वीमातामंदिर प्रांगण पर, समस्त भक्तो एवं विद्वानों की उपस्थिति में, विधिवत वैदिक मंत्रों के उच्चारण एवं 33 कोटि देवताओं के आह्वान के साथ सुमंगल संपन्न हुई। नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव में स्थित पूर्वी माता मंदिर पर सोमवार को हर वर्ष की भांति गांव सहित क्षेत्रीय कल्याण और सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना हवन कर आए हुए लोगो को प्रसाद वितरण किया गया ।मऊ गांव के राहुल मिश्रा, अखिलेश शुक्ला मनीष तिवारी ने बताया कि पूर्वी माता मंदिर पर पूर्व कई वर्षो से हर वर्ष गांव और क्षेत्रीय लोगो की सुख समृद्धि के लिए परंपरा के अनुसार हवन पूजन कराया जाता है ।इस पूरे आयोजन को पंडित रमेश मिश्रा ने पूर्ण कराकर सुख समृद्धि की कामना कर आए क्षेत्रीय लोगो को प्रसाद वितरित किया ।इस मौके पर मुख्य रूप से विनीत मिश्रा बाबू यादव,गुड्डू यादव,गोपाल बाजपेयी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पुलिस पस्त, चोर मस्त, लगातार हो रही गांवो मे चोरी

## दो चोरों को पब्लिक ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

अमन लेखनी समाचार



बंथरा। वारदात थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन के विराम के बाद पिछले पन्द्रह दिनों से शुरू हुई चोरी की घटना को आरोपियों द्वारा सिलसिलेवार तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस गिरफ्त में आ जाए तो बंथरा पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। बीती रात क्षेत्र के गढ़ी गांव में चोरों ने धावा बोला लेकिन गांव के लोगों की सक्रियता के चलते चोर हाथ साफ करने नाकाम रहे। वहीं क्षेत्र के नारायणपुर गांव में बीती रविवार की रात करीब 2:00 बजे 2 शातिर चोरों को ग्रामीणों ने धर दबोचा । शातिर ग्रामीणों को उस वक्त नजर आए जब ग्रामीणों को गांव के पूर्व की ओर मध्य रात्रि कुछ ड्रोन जैसा संदिग्ध आसमान में उड़ता हुआ दिखाई दिया इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा उनका पीछा किया गया तो गांव से ही कुछ दूर जाकर वह लोगों को चकमा दे दिए लेकिन गांव के लोग घर के बाहर ही इंतजार किया फिर उन्हें एक हाई स्पीड मोटरसाइकिल संख्या यूपी 35 बीएच 4432 से दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए जिन्हें रोक कर उनसे पूंछताछ की गई तो उनके द्वारा कुछ स्पष्ट नहीं बताया जा सका जिस पर उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से एक क्लोरोफॉर्म, दो ड्रोन व एक पेपर स्प्रे की बोतल मिली। ग्रामीणों के द्वारा जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो दोनो ने कबूला कि वह चोरी के लिए रेंकी कर रहे है जहां भी मौका मिलता है वही हाथ साफ कर देते है। वहीं इस घटना को लेकर बंथरा प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सीतापुर निवासी सनी व प्रयागराज का रहने वाला शहंशाह को नारायणपुर में पकड़ा गया है। पूछताछ की जा रही है।

### आज तक पुलिस नही पकड़ पाई चोर

गांव में पिछले छह महीने में बड़ी बड़ी चोरी की वारदाते हुई। 10 हजार से लेकर 10 लाख रुपए तक की चोरी की घटनाएं घटी है। किन्हीं एक आध को छोड़कर घटना का खुलासा नहीं कर पाई पुलिस। अब पुलिस जानबूझकर चोरों को पकड ?1 नहीं चाहती या फिर चोरी की वारदात सुलझा नहीं पाती है। इसे तो पुलिस के उच्चाधिकारी ही बता पाएंगे। जब पूछा जाता है तो चोरों का सुराग नहीं मिलने की बात कहते हुए टालमटोल किया जाता है।

### गांव में घूम घूम कर चोर दे रहे वारदात

पुलिस की रात्रि गश्त इस कदर ढीली है कि चोर क्षेत्र के गांव मे घूम घूम कर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। रविवार की दरमियानी रात जिन गांवो मे चोरों ने उत्पात मचाया न सिर्फ वह एसीपी ऑफिस से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित है, बल्कि थाने से भी 500 से 1 किलोमीटर की दूरी पर है। बावजूद इसके चोर गांवो मे तांडव काट रहे है।

### उच्चाधिकारियों के रात्रि गश्त के आदेशों का भी नहीं असर

कुछ दिन पहले ही पुलिस विभाग के आलाधिकारी रात्रि गश्त पर निकलने का आदेश दिया की सभी थानेदार लगातार पेट्रोलिंग करते नजर आए, लेकिन उसके बाद वे पुराने ढर्रे पर उतर आए। लचर रात्रि गश्त की वजह से चोर आराम से सूने मकानों के साथ दुकानों का ताला तोड़ रहे हैं। क्षेत्र में पिछले दिनों से लगातार चोरियो का सिलसिला बदस्तूर जारी है। लेकिन पुलिस अपनी रवैया से बाज नहीं आ रही है।

## शादी का झांसा देकर छात्रा से यौन शोषण कर, वीडियो वायरल करने की धमकी का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव निवासी छात्रा को शादी का झांसा देकर यौन शोषण तथा ब्लैक मेल कर घर के लाखों रुपए के जेवरात लेकर फरार होने का आरोप लगाते हुए उसके पिता ने युवक के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पिता ने बताया कि उसकी बेटी रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक स्कूल में नौवीं की छात्रा थी। जिसे अतरौली थाना क्षेत्र के रुदौली निवासी युवक ने करीब 5 महीने पहले शादी का झांसा देकर कई बार यौन शोषण कर उसका मोबाइल फोन से अश्लील फोटो व वीडियो भी बना लिए तथा छात्रा से मनगढ़ंत कहानी बताकर घर के रखे लाखों के आभूषण व बेटी को लेकर फरार हो गया जब आरोपी युवक ने जेवर वापस नहीं किया तो बेटी ने हिम्मत कर पिता को सारी बात बताई। और बेटी के घर वालों ने कई बार कॉल



करने पर आरोपी गालियां देते हुए बेटी को बदनाम करने के अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। बेटी के पिता ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## दो जुआरी गिरफ्तार, ताश के पत्ते व पैसे बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज पुलिस ने जीत हार की बाजी लगाते हुये जुआ खेलते हुये दो जुआरियो को सोमवार को गिरफ्तार किया ।पुलिस ने मौके से 52अदद ताश के पत्ते व 710रुपए भी बरामद किये ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया थाना क्षेत्र के सिसेंडी गांव के बाहर एक बाग में काफी दिनो से जीत-हार की बाजी लगाते हुये जुआ खेलने की शिकायत मिल रही थी, सोमवार को पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की तो मौके पर मौजूद जुआरी भगाने लगे पुलिस ने दो जुआरियो अमृतलाल निवासी हुलासखेड़ा व सनी निवासी सिसेंडी को गिरफ्तार कर फड़ से 52अदद ताश के पत्ते व 710रुपए बरामद किया ।पुलिस ने दोनो जुआरियो पर सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर चालान किया।

## लव जिहाद व शादी का झाँसा देकर रेप करने वाला आरोपी गिरफ्तार



### विधवा महिला का किया यौन शोषण, नाबालिग बेटी से किया छेड़छाड़

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना में सोमवार को लव जिहाद व विधवा हिंदू महिला के साथ यौन शोषण करने और महिला की नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में मुरादाबाद के रहने वाले मुस्लिम युवक को गिरफ्तार किया गया है ।आशियाना थाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि एक माह पूर्व आशियाना थाने में एक ऐसा मुकदमा दर्ज किया गया था जहां आशियाना में रहने वाली एक विधवा महिला ने मुरादाबाद के रहने वाले जैनुल आबेदीन पर आरोप लगाया था कि जैनुल ने अपने आपको हिंदू बताकर उससे करीबियाँ बढ़ाई और शादी का झाँसा देकर उसका रेप करने लगा। वहीं जब महिला की नाबालिग बेटी ने बताया कि जैनुल उसके सामने अश्लीलता करता है और उसे गलत नीयत से देखता है तो महिला ने विरोध जताया। इसी बीच महिला को यह भी जानकारी हो गई कि वह मुस्लिम है तो वह मौके से भाग निकला। महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी गई थी और आखिरकार औरंगाबाद अंडरपास से उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश विधि धर्म संपरिवर्तन निषेध अधिनियम की धारा बढ़ाई गई है।

# अँधपुर देव में लगेगी रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा, डॉ. राजेश्वर सिंह ने की निधि से 5 लाख देने की घोषणा

## क्षेत्रीय जनता से मिले डॉ. राजेश्वर, सुनीं जनसमस्याएं, विकास कार्यों की समीक्षा की

**सरोजनीनगर में सभी महापुरुषों की गौरव गाथाओं का प्रसार हो ताकि आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा प्राप्त करती रहें - डॉ. राजेश्वर सिंह**

**डॉ. राजेश्वर सिंह ने मेधावी छात्राओं को बांटे लैपटॉप, कहा डिजिटल शिक्षा ही युवाओं के उज्जवल भविष्य का आधार**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अँधपुर देव में प्रथम स्वाधीनता आन्दोलन की नायिका रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा की स्थापना के लिए विधायक निधि से ?5 लाख प्रदान करने की घोषणा की। सोमवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय लोधी, मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, ग्राम प्रधान कैथी मनोज लोधी, ग्राम प्रधान खटोला संतोष लोधी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रितेश सिंह एवं प्रधान प्रतिनिधि जय करन लोधी ने विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह को रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित कराये जाने का प्रस्ताव दिया था। इस सम्बन्ध में डॉ. सिंह ने कहा, "शौर्य, साहस और पराक्रम की प्रतिमूर्ति, 1857 के स्वाधीनता संग्राम की महानायिका, वीरांगना 'रानी अवंतीबाई लोधी' का त्यागपूर्ण जीवन सभी के लिए महान प्रेरणास्रोत है। हमारा प्रयास है सरोजनीनगर में सभी महापुरुषों की गौरव गाथाओं का प्रसार हो ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके जीवन से राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा प्राप्त करती रहें !"

### क्षेत्रीय जनता से मिले डॉ. राजेश्वर सिंह, मेधावियों को बांटे लैपटॉप, पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी को किया सम्मानित –



सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोमवार को अपने आशियाना आवास पर क्षेत्रीय जनता के साथ बैठक कर संचालित विकास कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की, साथ ही जनसमस्याएं सुनकर उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आश्वस्त भी किया। इस दौरान डॉ. सिंह ने तेलीबाग निवासी इंटरमीडिएट परीक्षा में 90% अंक प्राप्त करने वाली भाजपा बूथ अध्यक्ष बृजभान सिंह बेटी, मेधावी छात्रा तन्या सिंह तथा वरिष्ठ भाजपा नेता, गोडवा निवासी सुभाष पासी की बेटी, मेधावी छात्रा मोहिनी वर्मा को लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने आशियाना आवास पर पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी हामिद सलमानी जी को बैडमिंटन किट खरीदने के लिए 20,000 की सहयोग राशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया व उनकी अग्रिम प्रतिस्पर्धा, पैरा गेम्स इंडोनेशिया के लिए शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पदाधिकारी विवेक मिश्रा एवं नगर संघचालक अर्जुनगंज अशोक कुमार और लोकगायिका वंदना मिश्रा ने आशियाना आवास पर विधायक से मुलाकात की। इस दौरान इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता श्री शिव शंकर अवस्थी, राजेश सिंह, शंकरी सिंह, ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत, मण्डल अध्यक्ष विवेक राजपूत एवं शिव बख्श सिंह, मोहित तिवारी, के.के. श्रीवास्तव, रज्जन सिंह, शिव प्रकाश मिश्रा, विपिन कुमार पीनू, रीना त्रिपाठी, सुभाष पासी, बच्चू लाल पासी, रज्जन लाल रावत, संजय रावत, मनोज रावत, राकेश सिंह बबलू, सज्जन पाल, संजय सिंह, राधा पांडेय, राधे लाल यादव एवं भाजपा नेता मौजूद रहे।

## ठेकेदार ने बिना अनुमति के किसान के बाग से निकाली मिट्टी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नाले का निर्माण करा रहे ठेकेदार ने बिना किसान की सहमति से रातों रात चोरी से किसान के बाग से जेसीबी की मदद से मिट्टी खोद्कर नाले की साइड में उसे भरान कार्य करवा दिया सुबह जानकारी होने पर किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नई बस्ती धनेवा निवासी राजकुमार मौर्य ने आरोप लगाया है कि उसी गांव में हनुमान मन्दिर से पश्चिम की और सरकारी नये नाले का निर्माण किया गया। नाले के बगल में मिट्टी भरान का काम चल रहा है बीती रात नाले का निर्माण करने वाले ठेकेदार ने उसके बाग से बिना अनुमति लिए चोरी से रात के अंधेरे में जेसीबी की मदद से मिट्टी खुदवा कर नाले की पटान कर दी।

# बिल्डिंग गिरने की घटना के तीसरे दिन बाद भी लोगों के दबे होने की रही आशंका

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर में तिमंजिला बिल्डिंग गिरने की घटना के तीसरे दिन सोमवार को भी मलबे में लोगों के दबे होने की आशंका को लेकर पूरे दिन तलाश जारी रही। प्रशासन को संदेह है कि मलबे में अभी भी कोई ना कोई दबा हो सकता है। इसको लेकर दिनभर तीन जेसीबी मशीनें बिल्डिंग का मलबा हटाती रही। इसके अलावा फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी राहत कार्य में जुटी रहीं। लेकिन पूरे दिन चले रेस्क्यू के बाद भी फिलहाल उन्हें कुछ हाथ नहीं लगा। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा घटना की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय कमेटी भी घटना स्थल पर पहुंची। गृह विभाग के सचिव डॉ. संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय दल ने मौके का मुआयना करने के साथ ही बारीकी से जांच पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों से बातचीत करने के अलावा बिल्डिंग का नक्शा देखा ।यहाँ एलडीए अधिकारियों ने भी काफी देर तक रुक कर बारीकी से जांच पड़ताल की। वहीं जांच कमेटी के निर्देश पर एलडीए अधिकारियों ने बिल्डिंग निर्माण में इस्तेमाल की जा चुकी निर्माण सामग्री के नमूने भी एकत्रित किए। बताते चलें कि शनिवार को सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित हरमिलाप टावर नामक तीन मंजिला बिल्डिंग अचानक भरभराकर गिर गई थी। इस हादसे में बिल्डिंग के अंदर मौजूद 8 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 28 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका लोकबंधु अस्पताल, ट्रामा सेन्टर और सिविल आदि अस्पतालों में इलाज जारी है।

## अज्ञात वाहन ने मारी स्कूटी सवार छात्र को टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**पुलिस मुख्यालय में तैनात पुलिस कर्मी का बेटा था मृतक छात्र**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना थाना क्षेत्र के पॉवर हॉउस के पास सोमवार सुबह कोचिंग से घर जा रहे स्कूटी सवार छात्र को तेज रफ्तार में उल्टी दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजन व राहगीर घायल छात्र को लोकबंधु अस्पताल ले गए जहाँ डॉक्टरों ने इलाज के दौरान छात्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुँची कृष्णा नगर पुलिस ने मृतक छात्र के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मुख्यालय में कंप्यूटर प्रोग्रामर पद पर कार्यरत संजय चौरसिया आशियाना क्षेत्र के सेक्टर जी में पत्नी गीता व बेटे ऋषभ 23 के साथ रहते हैं।

# व्यापारी के गोदाम से लहसुन व प्याज भरी बोरिया चोरी का खुलासा, चार गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज पुलिस ने एक सप्ताह पहले व्यापारी के गोदाम से लहसुन व प्याज भरी बोरिया चोरी होने की घटना का सोमवार को खुलासा करते हुये चार चोरो को गिरफ्तार किया ।घटना में प्रयुक्त मारूति कार व पैसे भी बरामद किये है ।पुलिस ने शातिर चोरो को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया क्षेत्र के खुजौली राजकीय बाजार में बने व्यापारी मो०जुनैद के सब्जियो के गोदाम का ताला तोड़कर बैखोफ चोर पांच-पांच लहसुन व प्याज की बोरिया चुरा ले गये थे ।पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर खुलासे के लिये पुलिस की टीमो को लगाया गया था ।पड़ताल में जुटी पुलिस टीमो ने सौ सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खगांलने के बाद चोरी की घटना में प्रयुक्त मारूति कार का नम्बर ट्रेस कर चार शातिर चोरो को पुलिस टीम ने सोमवार को धर दबोचा ।पुछताछ में चोरो ने अपना नाम पकंज कश्यप, राम कुमार यादव उर्फ गुल्लू, दीपू यादव निवासीगण खुजौली थाना मोहनलालगंज बताया ।शातिर चोर ने बताया गोदाम से लहसुन व प्याज की घटना को गांव में रहने वाले अनुपम उर्फ सत्यम को पैसो का लालच देकर उसकी मारूति वैगन कं७र से अजांम दिया था ।चोरी के समय अभिषेक कार चला रहा था ।जिसके बाद पुलिस ने अभिषेक को भी गिरफ्तार किया ।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार समेत 4560रुपए बरामद किये ।पुलिस ने चोरो को बरामद माल समेत न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

## सिसेण्डी मे गणपति बप्पा की स्थापना, बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। सिसेण्डी मे बृद्धेश्वर महादेव मंदिर के निकट गणपति की स्थापना की। भव्य पंडाल मे भव्य झाक सजाई गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सरविन्द दिवाकर, दशरथ दिवाकर व सुशील दिवाकर ने बताया पाच दिनो तक बप्पा का पूजन आरती व बच्चो की प्रस्तुति चलेगी। कार्यक्रम के पहले दिन छोटे बच्चे क्षमा, निधी, दुर्गा, देवांशिका, काव्या, कनक, आराध्या, माही, दिव्या, रूद्राक्ष, अभिषेक, विराट व चमन ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओ को प्रस्तुत किया। कोई बच्चा श्रीकृष्ण, राधा, सुदामा आदि का रूप धारण कर भक्तो का मन मोह लिया।

# हत्या की नीयत से डाले ने मारी टक्करः कार सवार सहित अन्य पांच लोग घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

- **डाले की टक्कर से टूटा रेलवे क्रॉसिंग बूम, घंटो मरम्मत कार्य में जुटे रहे रेलवे कर्मी, कई ट्रेनें हुई लेट**

अमन लेखनी समाचार



घायलों को एंबुलेंस की मदद से ले जाते



डाले की टक्कर से टूटा पड़ा रेलवे फाटक

लखनऊ। सोमवार को रहीमाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर पहले से रंजिश मानते हुए डाला चालक ने तेज रफ्तार डाले से रेलवे क्रॉसिंग पर क्रॉसिंग खुलने का इंतजार कर रही गाड़ियों व रेलवे फाटक को तोड़ती हुई उस पर निकल गई इस बीच रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े एक सिपाही सहित पांच लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों की मदद से घायलो को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया ।मिली जानकारी के अनुसार रहीमाबाद रेलवे क्रॉसिंग फाटक पर सोमवार रात करीब 9 बजे महेंद्र सिंह राणा स्विफ्ट डिजायर कार से सोनी और मोनू सिंह के साथ रेलवे क्रॉसिंग के उस पर जुगराजगंज जा रहे थे। तभी वहां पहुंचते ही रेलवे क्रॉसिंग फाटक बंद हो गया जिससे वह कार खड़ी कर फाटक खुलने का इंतजार कर रहे थे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार महिंद्रा पिकअप डाला चला रहे विनय ने वहां खड़ी कार सहित अन्य बाइक सवार लोगों को जोरदार ठोकर मार दी पिकअप डाले की ठोकर इतनी तेज थी कि दोनों गाड़ियां रेलवे फाटक को तोड़ते हुए कई मीटर दूर रेलवे लाइन के उस पर चली गई इस बीच फाटक खुलने का इंतजार कर रहे बाइक सवार माल थाना क्षेत्र के ग्राम सैदापुर निवासी दिनेश और उनकी पत्नी रूपरानी, दस वर्षीय बेटी प्रिंसी, आठ माह की बेटी स्तुति जो गाड़ी की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई और वहीं फाटक खुलने का इंतजार कर रहे रहीमाबाद थाने पर तैनात सिपाही शिवम सिंह गौर भी उसी कार की चपेट में आने से घायल हो गए हादसा होते ही रेलवे क्रॉसिंग पर अफरा तफरी का माहौल बन गया और कार का दोनो तरफ का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और डाले की टक्कर से रेलवे क्रॉसिंग का बूम भी उखड़ कर दूर जा गिरा। जिससे घंटो रेलवे कर्मचारी मरम्मत कार्य में जुटे रहे और लखनऊ हरदोई की तरफ से आने वाली कई ट्रेनें हुई लेट हो गई। सूचना होने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

### दस महीन पूर्व महेंद्र सिंह राणा को फसाने के लिए विनय ने खुद को मारी थी गोली

स्थानीय लोगों ने बताया कि विनय और महेंद्र सिंह राणा किसी बात को लेकर आपस में दोनों काफी समय से रंजिश मानते है। जिसके चलते इसे पहले भी विनय ने बीते एक नवंबर को महेंद्र सिंह को फसाने के लिए खुद को गोली मारी थी। गोली हाथ में लगी थी जिसके बाद विनय के भाई अरविंद ने रहीमाबाद थाने पर महेंद्र सिंह राणा और विकास यादव निवासी कटरा औरास उन्नाव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में पता चला कि उसने साजिश रचकर खुद ही खुद को गोली मारकर दोनों को फसाने की कोशिश की थी। लेकिन लोकेशन व अन्य सुबतो से पता चला कि यह मामला पूरी तरह फर्जी था। यह मामला खुलने के बाद भी पुलिस ने उसके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की थी।

# पति ने पत्नी पर किया चाकू से हमला, पत्नी का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने समझौता कर अपनी संतानों के साथ पिता के घर आकर रह रही पत्नी पर पति ने चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर लगाया आरोप।



घायल पत्नी रूबी - फोटो

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम तरौना में अपने पिता रामस्वरूप के घर रह रही रूबी का आरोप है कि उसका विवाह उन्नाव जनपद के बांगरमऊ थाना क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर निवासी सरवन के साथ हुआ था लेकिन विवाह के बाद से पति प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। और बीते 21 अगस्त को प्रताड़ना से तंग आकर समझौता कर लिया था तथा दोनों बेटों यश व अंश का पालन पोषण करने के लिए एक निजी अस्पताल में साफ सफाई का काम कर रही है बीते चार दिन पूर्व सुबह अस्पताल पर काम करने जा रही थी तभी रास्ते में पहले से घात लगाए खड़े पति सरवन ने बाल पकड़ धारदार चाकू से हमला कर चेहरे पर वार कर दिया। जिससे पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई। और उसकी चीख पुकार सुन भीड़ इकट्ठा देख आरोपी पति मौके से भाग निकला। पीड़िता के चाकू के वार से आठ टांके लगे हैं। अब स्वास्थ ठीक होने पर पीड़िता ने थाने पर पति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# संक्षेप

## घर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत पार कर दिया लाखों के जेवरात

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव मिहीखेडा निवासी किसान के घर में रविवार रात गेट का ताला तोड़कर अंदर कमरे में रखे बक्से से लगभग 45 लाख के जेवरात सहित 58 हजार नकद चोर ने उठा ले गए।सूचना पर पहुंचे एडिशनल एसपी अखिलेश सिंह ने फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाकर जांच पड़ताल की है।एडिशनल एसपी ने चोरी का जल्द खुलाशा करने के निर्देश दिए है।क्षेत्र के मिहीखेडा निवासी पवन कुमार की कस्बे के चंदीगढ़ी में कीटनाशक की दुकान चलाता है।रविवार रात पवन परिवार के साथ बाहर कमरे में लेटा था।सोमवार सुबह सोकर उठा तो बाहर आकर देखा मेन गेट का ताला टूटा पड़ा है।यह देख दंग रह गया।आनन फानन अंदर जाकर देखा तो कमरा खुला हुआ था।अंदर बक्से में रखे लगभग 45 लाख के जेवरात व 58 हजार नकद रुपए गायब थे।चोरी की सूचना पर पहुंचे एडिशनल एसपी अखिलेश सिंह ने फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड टीम को मौके पर बुला जांच की।एडिशनल एसपी अखिलेश सिंह ने चोरी का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए है। कोतवाल राकेश गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## आंगनबाड़ी केंद्र में कार्य मिला संतोष जनक जांच करने पहुंची थी टीम

हसनगंज, उन्नाव। भोगला ग्राम पंचायत में 11.84 लाख से बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्र में मानकों का पालन न होने की शिकायत पर सोमवार को दो सदस्यी जॉच टीम पहुंची जॉच टीम में सहायक अभियंता ग्रामीण, सुरेंद्र सिंह , व जेई फूलचंद ने पहुंच कर जांच की ।जांच के दौरान कार्य सही मिला , पिलर में मिट्टी लगी होने पर जेई फूलचंद ने बताया की पिलर में सरिया डालने की वजह से मिट्टी लगाई थी ताकि लिंटर के समय मिट्टी हटाकर सरिया फसाई जा सके जिससे लिंटर में पड़ने वाली कंक्रीट मजबूती से पकड़ ने आ जाए , फिर भी ठेकेदार को हिदायत दी गई है की निमार्ण करवाते समय मानक को ध्यान में रखा जाए समय समय पर दोबारा फिर जांच की जायेगी

## बाला जी दरबार जाने वाले भक्तो की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के कस्बा बिहार से मेहंदीपुर बाला जी जाने वाली 22 बसों के भक्तों को क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने बसों को हरी झंडी दिखा रवाना किया ।तहसील क्षेत्र में प्रतिवर्ष कस्बा बिहार निवासी दिनेश दीक्षित के संयोजन में हजारों भक्त मेहंदीपुर बाला जी दर्शन हेतु जाते है। इन बसों में उन्नाव के आस पास के जिले फतेहपुर, रायबरेली,लखनऊ आदि से भक्त दर्शन यात्रा में जाने हेतु महीनों पहले से तैयारियो में जुट जाते है। यात्रा दौरान बस आदि में किये जाने वाले भजन-कीर्तन से बड़ा ही मनमोहक दृश्य हो जाता है। रविवार के दिन से निकलने वाली लगभग एक सफ्ताहिक दर्शन यात्रा का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने कस्बा बिहार पहुँचकर बसों को हरी झंडी दिखा रवाना किया। इस मौके पर विनोद तिवारी,गोलू चौरसिया,अवधेश गुप्ता,नंदू बाजपेयी,सत्यम दीक्षित,शिशु द्विवेदी, रामबली प्रधान,गुड्डू यादव,अवधेश तिवारी,रीता,सुनीता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# गंगा नदी में डूबे स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी डायरेक्टर का 9 वे दिन मिला शव

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। गंगा नदी में डूबे जज के पति आदित्यवर्धन सिंह उर्फ गौरव (45) का शव मिल गया। वह 31 अगस्त यानी 9 दिन पहले सेल्फी लेने के दौरान नानामऊ घाट पर गंगा में बह गए थे। आदित्यवर्धन सिंह हेल्थ विभाग में डिप्टी डायरेक्टर थे। वाराणसी में पोस्टेड थे। उनकी पत्नी श्रेया मिश्रा महाराष्ट्र के अकोला में जज हैं।रविवार रात 8 बजे आदित्यवर्धन का शव नानामऊ घाट से 40 किलोमीटर दूर कानपुर के गंगा बैराज गेट नंबर-1 पर फंसा मिला। नवाबगंज थाना पुलिस ने शव मिलने की सूचना बिल्हौर पुलिस को दी। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। आदित्यवर्धन के दोस्त संतोष पटेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव की शिनाख्त की।शव पोस्टमॉर्टम के लिए नवाबगंज भेजा गया है। शव को गांव लाया जाएगा। उसी नानामऊ घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा, जहां वे डूब गए थे। हादसे के बाद डिप्टी डायरेक्टर की तलाश के लिए एनडीआरएफ एसडीआरएफ और पीएसी के 200 से ज्यादा जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे थे।

करीब 45 किमी गंगा में उनकी तलाश की गई। ड्रोन से भी इलाके को खंगाला गया। हालांकि, 7 दिन तक सर्च ऑपरेशन के दौरान उनका शव नहीं मिला था। इसके बाद गंगा में सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया था। हालांकि, हर घाट पर तीन-तीन पुलिस कर्मी के साथ एक दरोगा को तैनात किया गया था।आदित्यवर्धन बांगरमऊ क्षेत्र के कबीरपुर गांव के मूल निवासी थे। वे लखनऊ के इंदिरानगर में रहते थे। 31 अगस्त को आदित्यवर्धन मोहल्ले के 2 दोस्तों प्रदीप तिवारी और योगेश्वर मिश्र के साथ कार से बिल्हौर (उन्नाव) के नानामऊ घाट पहुंचे थे। पास में ही उनका गांव था। ऐसे में वह घाट पर ही दोस्तों के साथ नहाने लगे। पुलिस ने बताया था कि आदित्यवर्धन सिंह को तैरना आता था। ओवर कॉफिडेंस में वह सेल्फी लेने के लिए गहरे पानी में चले गए थे।आदित्यवर्धन के चचेरे भाई अनुपम कुमार सीनियर आईएएस हैं। वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सचिव हैं। भाभी प्रतिमा सिंह भी बिहार कैडर की आईएएस हैं। बहन प्रज्ञा आस्ट्रेलिया में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। हादसे के वक्त आदित्यवर्धन के माता-पिता भी आस्ट्रेलिया में थे। बेटे के डूबने की खबर सुनकर वह आनन-फानन में उन्नाव पहुंचे। आदित्यवर्धन की एक बेटी है, जो उनकी पत्नी श्रेया मिश्रा के साथ अकोला में रहती है। श्रेया मिश्रा जिला जज हैं।गंगा में सर्च के दौरान आस्ट्रेलिया से आए आदित्यवर्धन के पिता रमेश चंद्र, मां शशि प्रभा और बहन प्रज्ञा 4 दिन तक घाट किनारे आस लगाए बैठे रहे। हालांकि, सर्च ऑपरेशन के बंद होने के बाद परिवार इंदिरा नगर स्थित घर लौट आया था। मां और पिता ने बातचीत के दौरान कहा था कि उन्हें समझ ही नहीं आ रहा कि क्या करें? जब तक बेटे की लाश नहीं मिल जाएगी, उसे मरा हुआ नहीं मान सकते।मामला हाईप्रोफाइल होने के चलते पुलिस-प्रशासन ने आदित्यवर्धन सिंह की तलाश में पूरी सर्चिंग की। डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह ने बताया था कि कानपुर से लेकर प्रयागराज तक गंगा की सीमा से जुड़े सभी थानों पर हादसे की जानकारी दी गई। इससे कि गंगा में कानपुर से प्रयागराज तक कोई भी शव मिले, तो उसकी जांच-पड़ताल हो सके।इसके साथ ही लापता डिप्टी डायरेक्टर के पोस्टर और तस्वीरें भी जारी की गई थीं।एसडीआरएफ के एडिशनल एसपी हरेंद्र प्रताप यादव ने बताया कि जब भी कोई व्यक्ति गंगा या किसी नदी में डूबता है मौत के बाद उसकी बॉडी ऊपर आने की संभावना होती है। कभी-कभी शव झाड़ियों या कहीं कीचड़ में फंस जाता है। पीछे से जब तेज बहाव आता है तो फिर बॉडी झाड़ियों या किचड़ से बाहर निकलती है और ऊपर आती है। आदित्यवर्धन के केस में भी कुछ ऐसा ही लग रहा है।दोस्त प्रदीप तिवारी ने आरोप लगाया घटना के बाद मैंने चिल्लाकर गोताखोर को बुलाया। वह 10 हजार रुपए मांगने लगा। मैं हाथ जोड़ता रहा, लेकिन वह पहले पैसा देने की जिद पर अड़ा रहा। कैश नहीं था, इसलिए मैंने 10 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। लेकिन, तब तक आदित्यवर्धन सिंह गंगा में बह गए। पैसे ट्रांसफर हुए तो गोताखोर ने नदी में छलांग लगाई, लेकिन सफलता नहीं मिली।तैराक शैलेश कश्यप ने बताया- घाट के किनारे मेरी दुकान है। 5-6 गोताखोर मेरी दुकान में बैठे थे। यहां पर उन्होंने डूबने वाले के दोस्तों से बात की। उनके पास नकद पैसा नहीं था, इसलिए ऑनलाइन मेरे अकाउंट में पैसा ट्रांसफर किया गया। बाद में हमने पैसा वापस कर दिया। विधायक जी आए थे, वह नाराज हो रहे थे कि पैसे क्यों लिए?

आदित्यवर्धन के चचेरे साले अनिकेत सिंह ने बताया- वह नहाने पानी में गए तो मौके पर मौजूद पंडा ने कहा कि आप आगे न जाएं। उन्होंने कहा- मुझे तैरना आता है। इतना कह कर वह नहाने लगे। फिर अचानक डूबने लगे। दोस्तों ने पास में मौजूद लोगों से कहा बचा लो। उन्होंने कहा- जब तक पैसा नहीं मिल जाता, हम नदी में नहीं कूदेंगे।उन्हें पैसा दिया गया। लेकिन तब तक वह डूब चुके थे। हालांकि परिवार ने इस बारे में कोई शिकायत नहीं की है।

# अवैध कच्ची शराब समेत एक युवक दो महिला गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने छापे मारी कर 34लीटर कच्ची शराब के साथ दो महिला समेत एक युवक को गिरफ्तार कर सुशंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लियो

थाना बिहार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अकवारा में आबकारी एवं पुलिस ने संयुक्त छापे मारी कर रमेश मालती राम कली निवासी अकवारा को 34 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद समेत गिरफ्तार किया आरोपियों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# आवारा साड़ ने वृद्ध महिला को पटक कर उतारा मौत के घाट



**अमन लेखनी समाचार**

नवाबगंज, उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक वृद्ध महिला शौच करने गई थी तभी इसी दौरान पीछे से आया एक अन्ना साड़ ने उठाकर पटक दिया जिससे उसकी पेट फट गया पड़ोसियों ने जैसे ही देख आनंन फानन उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उन्नाव जनपद के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के महनौरा गांव निवासी स्वर्गीय चेतई रावत की 70 वर्षीय पत्नी नीता देवी सोमवार की सुबह 5:30 बजे शौच के लिए गई थी तभी इसी दौरान पीछे से एक अन्ना साड़ आ पंहुचा और शौच कर रही वृद्ध महिला 70 वर्षीय नीता देवी को कई बार उठाकर पटक दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई तभी इसी दौरान घर वाले और पड़ोसियों ने चिल्लाने की आवाज सुनी आवाज सुनते ही सभी नीता देवी को बचाने के लिए दौड़ पड़े तब तक नीता देवी बुरी तरह घायल हो चुकी थी जिससे पेट के आते निकलकर बाहर आ गई थी घर वालों ने आनन फानन अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया सूचना पाकर मौके पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस ने पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिय बडा बेटा बाराती लाल 45 वर्ष छोटा बेटा बाबुलाल 40 वर्ष परिवार में कोहराम मच गया रो-रो कर बुरा हाल।

# पश्चिम बांधो से पानी छोड़े जाने से गंगा नदी के जलस्तर में हुई वृद्धि

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। गंगा नदी के जलस्तर में फिर से वृद्धि हो रही है, जिससे तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच चिंता की लहर फैल गई है। पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। यह स्थिति ऐसे समय पर उत्पन्न हुई है, जब गंगा का जलस्तर इस साल पहले ही तीन बार चेतावनी बिंदु को पार कर चुका है। इस वृद्धि से प्रभावित क्षेत्रों में सितंबर माह से बाढ़ का पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों की समस्याएं बढ़ गई हैं।

केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में जलस्तर में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई थी, लेकिन पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने की वजह से जलस्तर में एक बार फिर तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। शुक्रवार शाम को गंगा का जलस्तर 110.630 मीटर मापा गया था।शनिवार को यह स्तर बढ़कर 111 मीटर पार कर गया और शाम छह बजे तक 111.050 मीटर पर पहुंच गया। सोमवार को भी जलस्तर बढ़ता दिखाई दिया। जलस्तर में इस तेजी से बढ़ोतरी के कारण तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों में फिर से बाढ़ के खतरे की आशंका पैदा हो गई है।

नदी के किनारे बसे गांवों और कस्बों में लोगों की धड़कनें बढ़ गई हैं। कई स्थानों पर पानी ने सड़कों और खेतों को घेर लिया है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन दलों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बचाव कार्यों को तेज कर दिया है। राहत सामग्री और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही हैं, लेकिन गंगा के जलस्तर की बढ़ती चिंता ने लोगों को नई मुश्किलों में डाल दिया है। अधिकारियों का कहना है कि बांधों से पानी छोड़े जाने की प्रक्रिया को नियमित किया जा रहा है ताकि जलस्तर को नियंत्रित किया जा सके। हालांकि, लगातार बारिश और पानी की बढ़ती मात्रा ने स्थिति को जटिल बना दिया है। विभागीय अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और जरूरत के अनुसार अतिरिक्त कदम उठाने की योजना बना रहे हैं।लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके गंगा नदी के किनारे बसे गांवों में विशेष ध्यान रखा जा रहा है। नावों और राहत दलों की तैनाती की जा रही है ताकि लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को भी प्राथमिकता दी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि लोगों को सतर्क रहने और सरकार की सलाह मानने की जरूरत है, ताकि इस आपदा का प्रभाव कम किया जा सके।

# चैन स्नेचर युवक को पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति ने महिला के गले की चेन छिनने का प्रयास किया। उन्नाव निवासी सुरेशनगर विकास की पत्नी राधा सोनी जब अपने ससुराल से मायके जा रही थीं। वह ऑटो से यात्रा कर रही थीं और रास्ते में सेलिब्रेशन गेस्ट हाउस के पास उनके साथ एक अन्य यात्री, रोहित विमल पुत्र रमेश चंद्र भी था। रोहित विमल ने अचानक से राधा सोनी के गले की चेन छिनने की कोशिश करने लगा हालांकि इस प्रयास में वह सफल नहीं हो सका।घटना के दौरान ऑटो में मौजूद अन्य यात्री और चालक ने देखा कि रोहित विमल ने चेन छिनने का प्रयास कर रहा है। इस दौरान चालक और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए रोहित विमल को पकड़ लिया। उन्होंने तुरंत थाना दही को घटना की सूचना दी।सूचना मिलने के तुरंत बाद थाना दही की पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।और आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान रोहित विमल के रूप में की गई। पुलिस ने उसे थाने ले जाकर पूछताछ की और मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। उधरथानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि वह मंद बुद्धि का था इस लिएपरिजनों को सौंप दिया गया है।पुलिस की जांच जारी है और यह स्पष्ट किया गया है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की है ताकि अपराधियों को दंडित किया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।यह घटना उस समय घटी जब महिलाएं और यात्री आमतौर पर अपने दिनचर्या में व्यस्त होते हैं, और इसने सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण सवाल खड़ा किया है। पुलिस प्रशासन ने स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की सलाह दी है।इस घटना के बाद क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं और पुलिस इस बात को सुनिश्चित करने में लगी हुई है कि ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों। स्थानीय लोग भी अब अधिक सतर्क रहने लगे हैं और अपनी सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त उपाय अपनाने पर जोर दे रहे हैं।

# महिला अधिवक्ता का अपहरण कर हत्या किए जाने से अक्रोशित वकीलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय पाटन में कासगंज में महिला अधिवक्ता मोहनी तोमर काअपहरण कर हत्या को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। अधिवक्ताओं ने नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया और न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। विरोध में जबरदस्त नारेबाजी करते हुए घटना की जांच सीबीआई को सौंपने और हत्यारों को फांसी देने की मांग की।अधिवक्ताओं की आम सभा स्थानीय तहसील परिसर में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में एक आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में प्रदेश केकासगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की अगवा कर हत्या की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया इस दौरान तहसील के अधिकारियों द्वाराअधिवक्ताओं के प्रति दोहरे रवैया पर विचार किया गया।न्यायिक कामकाज का बहिष्कारआम सभा में घटनाओं के विरोध में न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद, अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी की। आक्रोशित वकील नारेबाजी करते हुए एसडीएम दफ्तर के सामने पहुंचे। और एसडीएम क्षितिज द्विवेदी को को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि महिला अधिवक्ता की हत्या की जांच सीबीआई से कराई जाय, साथ ही दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। इसके साथ कामकाज का भी किया बहिष्कार के चलते अदालतों में सन्नाटा पसरा दिखा इस मौके पर बैसवारा बार एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह पूर्व अध्यक्ष सर्वेश प्रताप सिंह विवेक मोहन गुरु प्रसाद वर्मा राजकुमार यादव राजेश कुमार पटेल समेत बड़ी तादाद में तहसील के अधिवक्ता मौजूद रहे।

# प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। सुनिश्चित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु मनीष निगम, अपर जिला जज/सचिव द्वारा जनपद न्यायालय परिसर, उन्नाव से प्रचार वाहन रवाना किया गया माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, के निदेर्शों के अनुपालन में दिनांक 14.09.2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत का आम जन मानस में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने हेतु जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार मनीष निगम, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव, द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गय हरी झण्डी कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ राजेश त्रिपाठी, डिप्टी चीफ रमेश चन्द्र वर्मा, असिस्टेंट कार्तिक सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण, पराविधिक स्वयंसेवक आदि उपस्थित रहें।

# जिला पंचायत सदस्य की मांग पर राजधानी के लिए दूसरी बस का हुआ शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र के निवासियों को राजधानी तक की यात्रा को सुगम बनाने के लिए परिवहन विभाग की एक और बस चलाए जाने की मांग जिला पंचायत सदस्य ने परिवाहन विभाग के मंत्री से की थी जिसपर मंत्री ने तत्काल मामले को संज्ञान लिया सफीपुर तहसील अंर्तगत विकास खंड के तृतीय वार्ड से जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार मिश्रा ₹गुड्डू₹ ने बताया कि तहसील क्षेत्र की लगभग 40 % आबादी गंगा एवं कल्याणी नदी के दोआबे में बसी होने के कारण उसे बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए राजधानी मुख्यालय तक आवागमन करने में हो रही परेशानी से निजात दिलाए जाने के लिए परिवाहन विभाग के मंत्री दयाशंकर सिंह को गत माह की 28 तारीख को क्षेत्र वासियों की इस समस्या की ओर सिंह का ध्यान आकृष्ट कराया था जिसपर उनके द्वारा मेरे पत्र का संज्ञान लेकर बस चलाने के आदेश दिए थे.जिसपर परिवहन विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के सुअवसर पर बस सेवा प्रारंभ करवाई गई .यह बस सफीपुर नगर से सुबह 8 बजे एवं दोपहर 2 बजे से राजधानी मुख्यालय पर केसर बाग तक जाती है वहीं केसर बाग से दोपहर 11 व शाम 5 बजे से सफीपुर के लिए निकलती है.लखनऊ के लिए दूसरी बस सेवा प्रारंभ होने से क्षेत्र वासियों में खुशी का माहौल है .क्षेत्र वासी इस नेक कार्य के लिए जिला पंचायत सदस्य दिलीप मिश्रा को धन्यवाद देते नही थक रहे हैं।

# किसान सभा का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। विकास खंड के गनीपुर गांव में किसान सभा का आयोजन किया गया।इस सभा में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के. एन. तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और किसानों को नैनों उर्वरकों के उपयोग और लाभों के बारे में जानकारी दी। सभा में कृषि विशेषज्ञों और 50 से अधिक स्थानीय किसानों की उपस्थिति रही।डॉ. तिवारी ने नैनो उर्वरकों की नवीनतम तकनीक की विशेषताओं बताई। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरक पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में अधिक प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल हैं। ये उर्वरक नैनो तकनीक का उपयोग करके तैयार किए जाते हैं, जिससे फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता में सुधार होता है।उनके अनुसार, नैनों उर्वरकों का उपयोग फसलों की वृद्धि को तेजी से बढ़ाता है और उनकी प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। यह तकनीक मिट्टी में उर्वरक के उचित वितरण को सुनिश्चित करती है, जिससे पौधों को आवश्यक पोषक तत्व समय पर मिलते हैं। इसके परिणामस्वरूप पानी और उर्वरक की खपत में कमी आती है, खेती की लागत कम होती है और लाभप्रदता में वृद्धि होती है।सभा में कृषि विशेषज्ञों ने प्रहलाद कुशवाहा के खेत पर मक्का की फसल पर नैनो उर्वरकों के प्रभाव का आकलन किया। विभिन्न परीक्षण और विश्लेषण के बाद, रिपोर्ट में पाया गया कि नैनो उर्वरकों के उपयोग से मक्का की फसल की वृद्धि में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और फसल की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। विशेषज्ञों ने इस नई तकनीक के लाभों को साझा करते हुए किसानों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## दो स्कूलों के वाहन आपस में टकराए तीन छात्र घायल

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर क्षेत्र के ग्राम पहाड़ी खेड़ा और ठकुराइन खेड़ा के पास हादसे में तनगापुर विद्यालय की बस और सेढूपुर विद्यालय की वैन आपस में भिड़ गई ।हादसे में वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दुर्घटना में तीन बच्चे घायल हो गए ।वहीं वैन के ड्राइवर को पैर में चोटें आई हैं, जबकि बस का ड्राइवर मौके से फरार हो गया ।बताया जा रहा है की हादसा उस समय हुआ जब तनगापुर विद्यालय की बस और सेढूपुर विद्यालय की वैन आमने-सामने आ गईं ।वैन में सवार बच्चे अपनी स्कूल छुट्टी के बाद घर लौट रहे थे, जबकि बस में भी कई छात्र सवार थे ।अचानक हुए इस हादसे से दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, और त्वरित राहत के लिए स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर मदद की और बच्चों को बाहर निकाला ।वहीं हादसे में सैदूपुर विद्यालय की वैन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई ।वैन में सवार तीन बच्चे इस हादसे में घायल हुए हैं ।इनमें से एक बच्चे को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि बाकी दो बच्चों को हल्की चोटें आई हैं ।वैन के ड्राइवर के पैर में गंभीर चोटें आई हैं, वैन ड्राइवर की स्थिति स्थिर बताई जा रही है ।सभी घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई ।वहीं हादसे के बाद बस का ड्राइवर घटनास्थल से फरार हो गया ।फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है ।


# आवारा साड़ ने वृद्ध महिला को पटक कर उतारा मौत के घाट

**अमन लेखनी समाचार**





नवाबगंज, उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक वृद्ध महिला शौच करने गई थी तभी इसी दौरान पीछे से आया एक अन्ना साड़ ने उठाकर पटक दिया जिससे उसकी पेट फट गया पड़ोसियों ने जैसे ही देख आनंन फानन उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उन्नाव जनपद के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के महनौरा गांव निवासी स्वर्गीय चेतई रावत की 70 वर्षीय पत्नी नीता देवी सोमवार की सुबह 5:30 बजे शौच के लिए गई थी तभी इसी दौरान पीछे से एक अन्ना साड़ आ पंहुचा और शौच कर रही वृद्ध महिला 70 वर्षीय नीता देवी को कई बार उठाकर पटक दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई तभी इसी दौरान घर वाले और पड़ोसियों ने चिल्लाने की आवाज सुनी आवाज सुनते ही सभी नीता देवी को बचाने के लिए दौड़ पड़े तब तक नीता देवी बुरी तरह घायल हो चुकी थी जिससे पेट के आते निकलकर बाहर आ गई थी घर वालों ने आनन फानन अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया सूचना पाकर मौके पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस ने पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिय बडा बेटा बाराती लाल 45 वर्ष छोटा बेटा बाबुलाल 40 वर्ष परिवार में कोहराम मच गया रो-रो कर बुरा हाल।


# अपराधिक मामलों की पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। लाइन सभागार में एसपी ने रविवार देर रात क्राइम मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए मातहतों के साथ आपराधिक मामलों की समीक्षा की। उन्होंने अपराधियों की धरपकड़ के साथ ही वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए निर्देशित किया हैं।एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा ने मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान जिले में घटित आपराधिक वारदातों से संबंधित दर्ज केसों एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की और समय के अंदर गुण दोष के आधार पर निस्तारण व वांछितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। हत्या, दुष्कर्म व लूट आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए।महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कार्रवाई, बरामदगी के लिए शेष अपहताओं की सकुशल बरामदगी, पुरस्कार घोषित आरोपितों की गिरफ्तारी, शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने व गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर की कार्रवाई करने और गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत कार्रवाई करने की बात कही। गम्भीर अपराधों, पॉक्सो एक्ट व दुष्कर्म आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर आरोपितों को सजा दिलाए।चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने के लिए कार्ययोजना तैयार करके प्रभावी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, ब्रिकी व परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर इनकी रोकथाम एवं ऐसे कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

जन शिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, भूमि विवादों संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके सतर्कता बनाए रखने व इसकी रिपोर्ट राजस्व अधिकारियों को प्रेषित करने, आईजीआरएस के आवेदकों से खुद वार्ता करके फीडबैक लेने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए गए।अवैध आतिशबाजी व पटाखों के निर्माण एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सूचारु रुप से संचालित करने व आगामी पों को सकुशल सम्पन्न कराने को कहा गया। गोष्ठी में एएसपी उत्तरी व दक्षिणी तथा सभी सर्किल सीओ व थाना प्रभारियों और पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी आदि शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत व सिंगापुर

सिंगापुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिजनेस लीडर्स के साथ बैठक में एक खास बात कही है कि, 'मैं भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहता हूं।' बात बहुत आकर्षक है, लेकिन कैसे? क्या हमारे पास सिंगापुर जैसा गवर्नेंस मॉडल है? क्या नेता के तौर पर हम जो सपने देखते हैं, उसे समय से पूरा करते हैं? जापान के शहर क्योटो की तरह बनारस को विकसित करने का संकल्प लिया गया था, चीन के शहर वुहान की तर्ज पर अहमदाबाद को विकसित करने की बात कही गई थी। स्मार्ट शहर से लेकर स्मार्ट गांव तक बनाने के फैसले हुए, लेकिन जमीनी सतर पर हम कहां हें आज? ऐसे बहुत से सवाल हैं, ऐसे बहुत से ऐलान हैं, जो पूरे नहीं हुए हैं। अगर हम अपने प्रोजेक्ट समय से पूरे करें, तो नया टार्गेट तय कर सकते है। अच्छी बात है कि पीएम की इस यात्रा के दौरान भारत व सिंगापुर में चार समझौते हुए हैं। इसमें सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग भी है। सिंगापुर की आजादी के वक्त से भारत के अच्छे संबंध हैं। दोनों देश के बीच ट्रेड भी मोदी के कार्यकाल में दोगुणा बढ़े हैं। आसियान में सिंगापुर अहम भागीदार है, भारत का असियान के साथ बेहतर संबंध है, इसलिए सिंगापुर व भारत की नजदीकी भारत को आसियान में भी मजबूत करेगी। सिंगापुर की विकासगाथा में पश्चिम व चीन की अहम भूमिका है। भारत सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहता है, तकनीकी रूप से सिंगापुर भारत की सहायता कर सकता है। पीएम मोदी की सिंगापुर यात्रा का मकसद ही उसके अनुभव का लाभ लाने की संभावना तलाशना है। भारत व सिंगापुर उन्नत विनिर्माण, संपर्क सुविधा, डिजिटलीकरण, सुरक्षा, समुद्री क्षेत्र, एआई, फिनटेक, न्यूटेक, स्वास्थ्य सेवा एवं चिकित्सा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे। दोनों मुल्कों के बीच व्यापक रणनीतिक से भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति को भी बढ़ावा मिलेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 160 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ सिंगापुर भारत का एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है। दोनों देश 'हरित गलियारा' परियोजनाओं में तेजी लाएंगे। वर्ष 2025 में दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाएंगे। दोनों देशों के बीच भारत-आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) संबंधों और हिंद-प्रशांत के लिए भारत के दृष्टिकोण सहित आपसी हित के महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा समाप्त करके छह साल बाद सिंगापुर पहुंचे हैं। तीन हफ्तों के भीतर हिंद प्रशांत क्षेत्र का दूसरा देश है जिसके साथ भारत ने अपने रिश्तों के दर्जे को बढ़ाया है। पिछले पखवाड़े 20 अगस्त को भारत और मलेशिया के बीच ऐसी ही सहमति बनी थी। इन देशों के साथ भारत रक्षा, कारोबार, सैन्य, संचार जैसे क्षेत्रों में एक-दूसरे के हितों की रक्षा करने में सहयोग दे रहा है। भारत व सिंगापुर वर्ष 2016 में हुए आर्थिक समझौते (सीपा) में संशोधन करने को लेकर अगे बढ़ेंगे। 1966 और 1971 के बीच सिंगापुर के तत्कालीन प्रधानमंत्री ली क्वान यू ने भारत का दौरा तीन बार (1966, 1970 और 1971) किया था। यह भारत और सिंगापुर के बीच घनिष्ठ संबंधों का इतिहास है जो एक सहस्राब्दी के मज़बूत वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों में निहित है। स्वतंत्रता के बाद भारत, वर्ष 1965 में सिंगापुर को मान्यता देने वाले पहले देशों में से एक था। आज भारत व सिंगापुर मजबूत ट्रेड, सामरिक व रणनीतिक पार्टनर हैं।



रणनीति
डॉ. एल.एस. यादव

# अमेरिका के साथ बढ़ते रक्षा संबंध

> यदि अमेरिकी रक्षा कंपनियां भारत आती हैं तो दोनों देश मिलकर जिन रक्षा उत्पादों का निर्माण करेंगे, वे आधुनिक किस्म के होंगे। इस प्रयास में सफलता मिलने पर भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए मेक इन इंडिया कार्यक्रम को काफी आगे बढ़ा सकेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर गए थे।अमेरिका के रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि एसओएसए समझौते के जरिए अमेरिका और भारत, राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने वाली वस्तुओं और सेवाओं के लिए पारस्परिक समर्थन प्रदान करने पर सहमत हैं।

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अमेरिकी दौरा रणनीतिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण रहा। उनकी यह यात्रा भारत और अमेरिका के रणनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने के इरादे से ही थी। वहां पहुंचकर उन्होंने अमेरिकी रक्षा कंपनियों को भारत के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया है। यदि अमेरिकी रक्षा कंपनियां भारत आती हैं तो दोनों देश मिलकर जिन रक्षा उत्पादों का निर्माण करेंगे, वे आधुनिक किस्म के होंगे। इस प्रयास में सफलता मिलने पर भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए मेक इन इंडिया कार्यक्रम को काफी आगे बढ़ा सकेगा। इसके अलावा भारत रक्षा निर्यात में भी तेजी से आगे बढ़ेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर गए थे। रक्षा मंत्री की यात्रा के दौरान वाशिंगटन में दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों ने सुरक्षा आपूर्ति समझौता ; एसओएसए यानि सिक्योरिटी ऑफ सप्लाई एग्रीमेंट और संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अमेरिका के रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि एसओएसए समझौते के जरिए अमेरिका और भारत, राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने वाली वस्तुओं और सेवाओं के लिए पारस्परिक समर्थन प्रदान करने पर सहमत हैं। इसके तहत दोनों देश राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के मद्देनजर अप्रत्याशित आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों को हल करने के लिए एक दूसरे से आवश्यक औद्योगिक संसाधन प्राप्त कर सकेंगे। अमेरिका अब तक यह समझौता 17 देशों के साथ कर चुका है। भारत 18वां देश है। गौरतलब यह है कि यह समझौता ऐसे समय हुआ है जब भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए अमेरिकी फर्म जनरल इलेक्ट्रिक से इंजन मिलने में देरी हो रही है।

संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में जो समझौता हुआ है, उसके तहत दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। इस समझौते के तहत भारत इंडो-पैसिफिक कमांड फ्लोरिडा में विशेष ऑपरेशन कमांड व बहरीन में अमेरिकी नेतृत्व वाली बहुराष्ट्रीय संयुक्त समुद्री सेना में तीन कर्नल स्तर के अधिकारियों को नियुक्त करेगा। वैसे इस समझौते की औपचारिकता से पहले ही ऐसे अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है। अपने चार दिवसीय दौरे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन से मुलाकात की। इस मुलाकात में भारत-अमेरिका के बीच चल रहे रक्षा औद्योगिक सहयोग प्रोजेक्ट्स, आज के समय की उभरती भू-राजनीतिक स्थिति एवं अन्य प्रमुख क्षेत्रीय सुरक्षात्मक मसलों पर चर्चा हुई। इससे पहले रक्षा मंत्री अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात कर चुके थे। इस चर्चा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बीते वर्ष भारत-अमेरिका रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप में पहचान किए गए क्षेत्रों में भारत में सह-विकास और सह-उत्पादन के अवसरों के संबंध में अधिक जोर दिया। इस अवसर पर पेंटागन द्वारा जारी किए गए बयान में कहा गया कि वे रक्षा औद्योगिक



सहयोग के लिए रोडमैप के तहत जेट इंजन, युद्ध सामग्री ग्राउण्ड मोबिलिटी सिस्टम तथा मानव रहित प्लेटफॉर्म सहित भारत की प्राथमिकता वाली सह-उत्पादन की परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर तैयार हो गए हैं।

जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन से मुलाकात कर रहे थे उसी दिन अमेरिका की बाइडेन सरकार ने वहां की संसद को एक नोटिफिकेशन के जरिए 443 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों के डील की अनुमति प्रदान कर दी है। इस अनुमति के बाद एंटी-सबमरीन वॉरफेयर सोनोबॉय और उससे संबंधित उपकरण भारत को बेचने में कोई परेशानी नहीं होगी। बाद में रक्षा मंत्री राजनाथ व लॉयड ऑस्टिन के बीच पेंटागन में हुई व्यापक वार्ता के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस सौदे पर मुहर लगा दी। इस पनडुब्बीरोधी सामग्री से समुद्र में भारत की ताकत बढ़ेगी और चीन की साजिशों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। सोनोबॉय से भारत की एमएच-60 आर हेलीकॉप्टरों से पनडुब्बीरोधी युद्ध संचालन की क्षमता बढ़ेगी। इसी वर्ष मार्च में भारत ने छह एमएच-60 आर हेलीकॉप्टरों का पहला स्क्वाड्रन तैयार किया था। भारत ने नौसैनिक हेलीकॉप्टर बेड़े को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से 2020 में अमेरिका से 24 लॉकहीड मार्टिन-सिकोरस्की एमएच-60 आर बहुद्देशीय हेलीकॉप्टरों की खरीद का आर्डर दिया था। अमेरिका भारत को एएन-एसएसक्यू-53जी, एएन-एसएसक्यू-62एफ तथा एएन-एसएसक्यू-36 सोनाबॉय देगा।

सोनोबॉय तकनीक की खासियत यह है कि शत्रु की नजर में नहीं आता है और लक्ष्य को शीघ्र पता कर लेता है। इसकी तकनीक में लक्ष्य चाहे जितनी अधिक उंचाई पर हो या चाहे जितना नीचे हो, दोनों ही स्थितियों में लक्ष्य को खोजना आसान होता है। सोनोबॉय की लम्बाई तीन फुट और मोटाई पांच फुट होती है। इसको नौसेना के युद्धपोत या हेलीकॉप्टर से समुद्र में छोड़ा जाता है। यह रेडियो ट्रांसमीटर तथा हाइड्रोफोन की मदद से लक्ष्य को शीघ्रता से ढूंढ लेता है। निश्चित है कि इससे नौसेना की ताकत काफी बढ़ेगी। एंटी-सबमरीन वारफेयर सोनोबॉय एक प्रकार के सोनार उपकरण होते हैं जो समुद्र में पानी के अंदर शत्रु की पनडुब्बियों का पता लगाने के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं। इन्हें हवाई जहाज या हेलीकॉप्टर से समुद्र में गिराया जाता है। पानी में नीचे पहुंचने के बाद ये ध्वनि तरंगों का उपयोग करके पनडुब्बियों की स्थिति का पता कर लेते हैं। इनका उपयोग नौसैनिक अभियानों में शत्रु की पनडुब्बियों को खोजने और उन्हें नष्ट करने के लिए किया जाएगा। इन विशेषताओं के कारण एंटी-सबमरीन वारफेयर सोनोबॉय नौसेना के लिए काफी महत्वपूर्ण उपकरण है। इनसे समुद्र में पनडुब्बियों की सुरक्षा भी मजबूत हो जाएगी। भारत ने अमेरिका से असॉल्ट राइफलें खरीदने का निर्णय लिया है।

इसी के तहत भारत ने अमेरिका की हथियार निर्माता कंपनी सिग सॉयर को 73000 सिग-716 असॉल्ट राइफलों का आर्डर दिया है। सिग सॉयर ने कहा कि उसे भारतीय सेना आधुनिकीकरण के प्रयासों में साझीदार बनने पर विशेष गर्व है। भारत ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच यह कदम उठाया है। सिग-716 असॉल्ट राइफल की मारक क्षमता 500 मीटर है। इसकी बैरल की लम्बाई लगभग 16 इंच है। इसकी एक मैगजीन में 20 गोलियां लोड होंगी। यह प्रत्येक मिनट में 685 राउण्ड फायर करती है। 73000 सिग-716 असॉल्ट राइफलों के मिलने के बाद भारत के पास इनकी संख्या 145400 हो जाएगी। इन राइफलों को चीन व पाकिस्तान की लगती सीमाओं पर तैनाती के बाद सीमाओं पर भारतीय सेना और मजबूत हो जाएगी।

हरितालिका तीज
डॉ. मोनिका शर्मा



# सांस्कृतिक विविधता को सहेजता लोकपर्व

स्त्रियां सामाजिक और पारिवारिक जीवन की धुरी कही जाती हैं। वे सम्बन्धों के निर्वहन के दायित्वबोध को पोसने और सांस्कृतिक थाती को सहेजने वाली सच्ची वाहक होती हैं। भारतीय संस्कृति के रंग बहुत से उत्सवों और अनुष्ठानों की बदौलत ही आज भी कायम हैं। विशेषकर लोक उत्सवों का जीवंत भाव तो महिलाओं की भागीदारी से ही बचा हुआ है। स्त्रियों के जीवन में परिवार और परम्पराओं की भूमिका बहुत अहम होती है। देखने में भी आता है कि आस्था का भाव हो या वास्तविक जीवन रिश्तों का जुड़ाव, महिलाएं बहुत कुछ साधे रखती हैं। हरितालिका तीज के पर्व पर भी सौभाग्य और परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए महिलाएं पूरी व्यवस्था की कुशल कामना कर रही होती हैं।

भारतीय परिवेश में व्रत-त्योहार मनोभावों की अभिव्यक्ति का माध्यम भी हैं। यही वजह है कि अधिकतर लोकपर्व परिवार के जुड़ाव, सम्बन्धों की समरसता और समाज में सह-अस्तित्व को पोसने का भाव लिए हुए हैं। सुखद और सकारात्मक भावनाओं से जुड़े ऐसे उत्सव स्त्रीमन से गहराई से जुड़े होते हैं। दांपत्य जीवन में सुख-साथ बने रहने की कामना सदा से महिलाएं मन से कराती हैं। असल में स्त्रियों का यह भाव-चाव समग्र समाज को थामने वाली बुनियाद है। दुनिया के जिस हिस्से में भी परिवार की नींव कमजोर होती है, वहां समाज का ढांचा भी ढह जाता है। परिवार की पृष्ठभूमि को मजबूती देने के लिए दांपत्य जीवन में जुड़ाव, ठहराव और निभाव आवश्यक है। समझना कठिन नहीं कि हमारे यहां देश, समाज और परिवार का आधार बनने वाले वैवाहिक जीवन को क्यों इतना महत्वपूर्ण माना गया है? लोकरंग लिए बहुत से उत्सव और अनुष्ठान इस जुड़ाव को झांकी बनते हैं। सांस्कृतिक विविधता को सहेजने का माध्यम बने हुए हैं। हरितालिका तीज का उपवास में भी अपनों की खुशियों और हित चिंतन भाव दिखता है। दांपत्य जीवन की सुख-शांति के लिए इस विशेष पर्व पर महिलाएं प्रार्थना कर जीवनसाथी के आयुष्य और मंगल की कामना करती हैं। इतना ही नहीं स्त्रीमन की आस्था का हर पहलू पारिवारिक सुख समृद्धि से भी जुड़ा होता है। विवाहित जीवन में स्नेहपूरित भाव-चाव के प्रतीक इस पर्व को मनाते हुए स्त्रियों का हृदय भावनाओं और भावुकता से भरा होता है।



दरअसल, वैवाहिक जीवन औपचारिकताओं से परे होता है। अपनापन और स्नेह ही साझी जिंदगी का आधार बनता है। शिव-पार्वती के पावन और अटूट दांपत्य बंधन का पूजन कर परिवार में भी आपसी स्नेह और साथ बने रहने की कामना की जाती है। व्यावहारिक रूप से भी देखा जाए तो कुशल कामना के इस पावन भाव की नींव पर घर-परिवार की खुशहाली ही नहीं पूरी सामाजिक व्यवस्था की मजबूती भी टिकी है। उत्साह के साथ इस लोकपर्व को भाद्रपद माह की शुक्ल तृतीया को मुख्यतः छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में मनाया जाता है। यूपी और बिहार में महिलाएं इसे मुख्य तौर पर मनाती हैं। साथ ही दक्षिण भारत में तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में इस को पर्व गौरी हब्बा कहा जाता है। हरितालिका तीज को छत्तीसगढ़ में तीजा के रूप में जाना जाता है। वहीं महाराष्ट्र में गणेश उत्सव के ठीक एक दिन पहले आने वाले हरितालिका तीज को हरितालिका तृतीया व्रत के नाम मनाने का रिवाज है। महाराष्ट्र में भी उत्तरी भारत की तरह ही परंपरागत ढंग से शिव-गौरी के पूजन का यह अनुष्ठान किया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार इस पावन व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए किया था। सुखद यह भी है कि आध्यात्मिक पक्ष के साथ ही हरितालिका तीज के पारंपरिक पर्व संग लोकरंग भी जुड़े हैं। जो इसे सही अर्थों में लोक उत्सव बनाते हैं।

## योग के सभी सूत्र सुदृढ़ जीवन की आधारशिला



संकलित
दर्शन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

## पैसा, सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गईं। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

# अंतरराष्ट्रीय स्त्री रोग जागरूकता दिवस (10 सितम्बर) पर विशेष

## शारीरिक बदलावों के प्रति जागरूक बनें और स्वस्थ रहें : डॉ. संगीता गोयल

अमन लेखनी समाचार



डॉ. संगीता गोयल

लखनऊ। किशोरावस्था से लेकर रजोनिवृत्ति (मेनोपाज) के दरम्यान तरह-तरह के बदलावों से गुजरने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल की अधिक जरूरत होती है। स्त्री रोगों के प्रति की गयी अनदेखी महिलाओं की जान को जोखिम में डालने के साथ ही उनको कई अन्य गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में भी ला सकती है। स्त्री रोगों और यौन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के साथ ही परिवार के हर सदस्य को महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल में मददगार बनने की याद दिलाने के लिए ही हर साल 10 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय स्त्री रोग जागरूकता दिवस मनाया जाता है।

पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई-इंडिया) से जुड़ीं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता गोयल का कहना है कि घर-परिवार में महिलाओं की सेहत का अधिक ख्याल रखने की इसलिए भी जरूरत है क्योंकि सुबह से लेकर रात तक घर के बड़ों, पति और बच्चों की हर छोटी-बड़ी जरूरतों का ख्याल वही रखती हैं। नौकरी पेशा महिलाएं तो घर के साथ दफ्तर की भी जिम्मेदारी निभाती हैं। इसलिए जब वह बिस्तर पर पड़ जाएँ तभी चिकित्सक के पास जाएँ जैसी मानसिकता व सोच को बदलना होगा। समय-समय पर उनकी जांच आदि कराने के साथ ही उनको भी अपने लिए समय निकालने में परिवार के हर सदस्य को मदद करनी होगी ताकि वह भी नियमित रूप से योग, प्राणायाम और ध्यान के साथ अपने लिए मनोरंजन का समय निकाल सकें।

डॉ. संगीता का कहना है कि स्त्री रोग विज्ञान एक तरह से महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ा है, जिसके तहत योनि, गर्भाशय, अंडाशय और स्तन के स्वास्थ्य देखभाल की समुचित व्यवस्था की गयी है। दूसरी ओर प्रसूति विज्ञान के तहत गर्भावस्था, प्रसव व प्रसव पश्चात महिलाओं की देखभाल, उपचार और फालोअप किया जाता है। इन दोनों ही स्थितियों में महिलाओं की देखभाल कर संक्रमण से बचाने के साथ ही गर्भाशय व यौन कैंसर व उससे जुड़ी अन्य बीमारियों से सुरक्षित बनाया जा सकता है। चिकित्सक की मदद से किशोरियां अनियमित मासिक धर्म, मासिक धर्म के दौरान पेट में ऐंठन-मरोड़, अधिक रक्तस्राव जैसी समस्याओं से छुटकारा पा सकती हैं। इसके अलावा बार-बार पेशाब होना, पेशाब के दौरान जलन, योनि क्षेत्र में खुजली, जलन या सूजन जैसी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। इन छोटी-छोटी समस्याओं की अनदेखी महिलाओं में बांझपन का कारण भी बन सकती है। इसके लिए पेल्विक एरिया का अल्ट्रासाउंड कराकर सही जानकारी प्राप्त की जा सकती है। थकान, दर्द, सांस फूलना व सूजन जैसी स्थितियों में हीमोग्लोबिन टेस्ट कराना चाहिए, एनीमिक होने की स्थिति में ऐसी दिक्कतें हो सकती हैं। खून की कमी से बचने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों, दूध और फल को अपनी डाईट में जरूर शामिल करना चाहिए। ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग, पैप स्मीयर स्क्रीनिंग, बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट, थायरायड की जांच और लिपिड प्रोफाइल, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, लीवर की जांच भी चिकित्सक की सलाह पर अवश्य करानी चाहिए। स्वास्थ्य इकाइयों पर भी स्क्रीनिंग, जाँच और इलाज के समुचित प्रबंध किये गए हैं। नजदीकी स्वास्थ्य इकाइयों पर एचआईवी जैसे यौन संचरित रोगों के लक्षण और बचाव के बारे में जागरूक भी किया जाता है।

डॉ. संगीता का कहना है कि चिकित्सा विज्ञान के बढ़ते कदम के साथ सरकार द्वारा भी बालिका के जन्म से किशोरावस्था, गर्भावस्था व प्रसव से जुड़ी समस्याओं के समुचित निदान और देखभाल, गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं को मुहैया कराने के साथ इस दौरान होने वाले विकारों के इलाज और देखभाल की समुचित व्यवस्था की गयी है। इसके लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जिसमें स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद भी ली जा रही है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बालिकाओं के समग्र विकास पर जोर दिया जाता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोरावस्था में होने वाले बदलावों और मासिक धर्म से जुड़ी जिज्ञासाओं को शांत करने का प्रयास किया जाता है ताकि उनकी पढ़ाई-लिखाई पर कोई असर न पड़ने पाए। स्कूलों में लड़कियों को सेनेटरी नैपकिन तक मुहैया कराये जाते हैं। किशोरावस्था में होने वाले बदलावों के प्रति जागरूकता के लिए स्कूलों में उचित मंच की व्यवस्था की गयी है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों द्वारा भी इस दिशा में सराहनीय कदम उठाये जा रहे हैं। महिलाओं को स्वस्थ बनाने के साथ ही उनके अंदर एक आत्मविश्वास का संचार किया जा रहा है ताकि वह हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी स्वतंत्र रूप से कर सकें।

## ट्रेंड

### मेरी हार्दिक बधाई



पैरालिंपिक 2024 में पुरुष क्लब थ्रो F51 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर धरमबीर को मेरी हार्दिक बधाई। अपने शानदार प्रदर्शन से, आपने बाधाओं पर काबू पाने का रास्ता दिखाया है। देश को आप पर गर्व है.
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### उचित व्यवस्था की जाए



यूपी के कुछ जिलों में जंगली जानवर, लोगों पर हमला कर रहे हैं। उसे रोकने के लिए सरकार जरूरी कदम उठाए। क्योंकि मजदूर व गरीब लोग, डर की वजह से अपने पशुओं के चारे का प्रबन्ध तथा मजदूरी भी नहीं कर पा रहे हैं। उनके लिए उचित व्यवस्था की जाए।
-मायावती, बसपा सुप्रीमो

### प्रोत्साहन के लिए आभारी



उन लोगों को शिक्षक दिवस की बधाई जो न केवल हमें सबक सिखाते हैं बल्कि यह भी आकार देते हैं कि हम क्या बनेंगे। मेरे शिक्षकों और गुरुओं द्वारा दिए प्रोत्साहन और ज्ञान के हर शब्द के लिए हमेशा आभारी हूं। -सुरेश रैना, क्रिकेटर

### अपने अनुभव साझा करें



युवा पीढ़ियों के साथ अपने अनुभव साझा करने से बेहतर कुछ नहीं। यही सबसे बड़ा आशीर्वाद है। छोटे बच्चों का एक प्रश्न आपको सचेत करता है और अधिक सीखता है। मैं एक बेहतर शिक्षक हूं। यह मुझे खुशहाल और जीने लायक बनाता है।
-सुभाष घई, फिल्म निर्देशक

## संक्षेप

### दीवानी न्यायालय में बारावफात का स्थानीय अवकाश 16 सितम्बर को

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने बताया कि जिला बार एसोशिएशन के पत्र 06 सितम्बर 2024 द्वारा प्रस्ताव किया गया है कि पूर्व में स्थानीय अवकाश के रूप में 17 सितम्बर 2024 को बारावफात का अवकाश घोषित किया गया था। चन्द्रदर्शन के अनुसार बारावफात त्यौहार 16 सितम्बर 2024 को पड़ रहा है इसलिए पूर्व में 17 सितम्बर 2024 को घोषित स्थानीय अवकाश के तिथि में परिवर्तन कर 16 सितम्बर 2024 को बारावफात का स्थानीय अवकाश घोषित किया जाय। बार एसोशिएशन के पत्र के क्रम में पूर्व में 17 सितम्बर 2024 को घोषित बारावफात के स्थानीय अवकाश के स्थान पर बारावफात का स्थानीय अवकाश 16 सितम्बर 2024 घोषित किया जाता है।

### सिंचाई विभाग के विरुद्ध कार्यकर्ता करेगे आमरण अनशन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के धानीखेड़ा-पाटन मार्ग मध्य स्थित रावतपुर नहर चौराहा पर सिंचाई विभाग के विरुद्ध भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के पदाधिकारियों का आमरण अनशन मंगलवार को होगा। गनेशीखेड़ा गांव निवासी भारतीय किसान यूनियन भानू मंडल महासचिव ब्रजेंद्र प्रताप सिंह राजू ने बताया कि न्याय पंचायत रावतपुर में पूर्ण क्षमता से उन्नाव ब्रांच वा डलमऊ बी पंप नहर से पानी उपलब्ध ना कराए जाने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता समेत अन्य को ज्ञापन प्रेषित किया गया लेकिन आज तक कोई समाधान नही हुआ। नतीजा शून्य ही रहा। भारतीय किसान यूनियन भानू के संग सैकड़ो किसान मंगलवार को आमरण अनशन में बैठेंगे। अम्बुज सिंह जिला प्रभारी ने बताया कि उन्नाव ब्रांच वा डलमऊ बी पंप नहर से पिछले कई सालों से न्याय पंचायत रावतपुर में पूर्ण क्षमता से पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से हम सभी किसान भाइयों की मुख्य आजीविका का साधन कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। कृषि कार्य प्रभावित होने से कई परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच रहे हैं। नहर विभाग से कई बार संबंध स्थापित करने के बाद भी स्थित ज्यों की त्यों ही बनी हुई है। नहर विभाग को दिए गए ज्ञापन में कहा गया था की अगर 9 सितंबर तक नहर में पानी पूर्ण क्षमता के साथ नही पहुंचता है तो 10 सितंबर से रावतपुर नहर चौराहा पर सिंचाई विभाग के विरुद्ध आमरण अनशन पर बैठने के लिए विवश होना पड़ेगा। इस आमरण अनशन में भारतीय किसान यूनियन भानू राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा, जिलाध्यक्ष पवन शुक्ला, जिला प्रभारी अम्बुज चौहान, संजय पाण्डेय, कार्तिकेय दीक्षित, शिवनायक सिंह, शिवप्रताप आदि सैकड़ो किसान शामिल होंगे।

# एसएसबी ने दो अभियुक्त सहित 280 किलोग्राम लहसुन किया बरामद

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। बीते रविवार को समय लगभग 08:35 बजे रमन लाल उप कमांडेंट 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बहराइच-क के निर्देशन में सीमा चौकी रुपईडिहा के कार्मिको के द्वारा एक गश्त निकाली गयी।गश्त के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 651/01 से लगभग 80 मीटर भारतीय क्षेत्र में दो व्यक्ति साइकिल पर कुछ सामान लादकर नेपाल से भारत आ रहे थे। गस्ती दल के द्वारा उन्हें रूकने को बोलने पर वे साइकिल और सामान छोड़कर भागने लगे। गस्ती दल को शक होने पर भागते हुए व्यक्तियों का पीछा कर घेरकर दोनो व्यक्तियों को पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता तथा भागने का कारण पूछा गया तो एक व्यक्ति ने अपना नाम गुलाबुदादीन पुत्र ननकू, उम्र-33 वर्ष निवासी रुपईडिहा गांव केवलपुर तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम नफीश अहमद पुत्र अनीस अहमद, उम्र 23 वर्ष निवासी रुपैडिहा केवलपुर, थाना रूपईडीहा बताया। पकड़े गए व्यक्ति की जामा व तलाशी निरीक्षक सामान्य सत्येंद्र कुमार सिंह, समवाय प्रभारी रुपईडिहा के समक्ष ली गयी तो 280 किलो लहसुन बरामद हुआ। बरामद लहसुन तथा 02 साइकिल के साथ दोनों अभियुक्तों को सभी आवश्यक औपचारिकता पूर्ण करने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही हेतु कस्टम ऑफिस रुपईडिहा के सुपुर्द किया गया।

### गणपति बप्पा के पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव। नगर के चंपापुरवा, पोनी रोड, गायत्री नगर, गोपीनाथपुरम, शक्ति नगर, सर्वोदय नगर, कंचन नगर, कृष्णा नगर, राम नगर, बिंदा नगर, श्री नगर, गांधी नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में आजाद नगर, पिपरी, पिंडोखा, सन्नी, नई बस्ती, कटहा, दलनारायणपुर, घोंघी आदि ग्रामीण इलाकों में गणेश प्रतिमा की स्थापना हुई थी। जहां सोमवार को पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं सुबह और शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें लोगो ने बढ़ चढ कर भाग लिया। लाइटिंग व्यवस्था के अलावा पंडाल को भी आर्कषक रूप दिया गया। पंडाल में भगवान गणेश की प्रतिमा की आलौकिक मूर्ति देखकर भक्त गणों ने अपने को कृतार्थ महसूस किया। वहीं श्री गणेश नय युवक सेवा समिति शुक्लागंज के तत्वावधान में आयोजित 28वें गणेश महोत्सव के दौरान रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। महाआरती के साथ ही बप्पा को भाग लगाया गया।

# सलोनी पुस्कर की हिंद मेडिकल कालेज में आत्महत्या के मामले में कार्यवाही शुरू

### मामले से संबंधित तीन लोगो को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल: सीओ सदर बाराबंकी

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर हुसैन बख्श निवासनी एएनएम गोमती देवी की पुत्री सलोनी पुष्कर उम्र लगभग 20 वर्ष जो की जीएनएम का कोर्स बाराबंकी के सफेदाबाद स्थित हिंद मेडिकल कॉलेज में कर रही थी, उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में 27 जुलाई को उसके ही छात्रावास के कमरे में पाया गया था। जांच में रैगिंग से तंग होकर आत्म हत्या करने का मामला होनी की बात प्रकाश में आया था।इस पर बाराबंकी कोतवाली में आत्महत्या के लिए रैगिंग के जरिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच सी ओ सिटी बाराबंकी सदर जगत कनौजिया को सौंपी गई थी।इस संबंध में जब जगत कनौजिया से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की इस मामले जांच के आधार पर कार्यवाही की गई है। केस से सबंधित तीन लोगो को जिसमे रजनीश कुमार, वर्षा यादव और राहुल शामिल हैं, इनको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हिंद मेडिकल कालेज जांच में सहयोग नही कर रही थी जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### वैवाही पुलिस ने आवाम की सुरक्षा हेतु किया पैदल गस्त

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना खैरीघाट की चौकी वैवाही पुलिस ने रामपुर बाजार में आज रविवार को पैदल गस्त किया। व्यापारियों व आवाम सुरक्षा का अहसास दिलाया। क्षेत्र में बढ़ रही अराजकताओं व कई चोरियों के मद्दे वैवाही पुलिस ने अपना कड़ा रुख दिखाया। रविवार को विकासखंड शिवपुर के दर्जनों ग्राम पंचायतों के क्रय का केंद्र रामपुर चौराहे पर वैवाही चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, हेड कां0 प्रमोद कुमार वर्मा व सुशील कुमार पांडेय, कॉ0 रंजीत कुमार ने अपनी समस्त पुलिस टीम के साथ पैदल रूट मार्च कर आवाम को सुरक्षा का अहसास दिलाया। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत व्यापारियों से दुकानों के समक्ष सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील किया। वहीं संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों की भी जांच की गई। वाहन चालकों से चौकी प्रभारी ने नशे की हालत में वाहन न चलाने की नसीहत भी दिया।

# गोदाम में चोरी करने घुसे नाबालिगों को पीटा

- अमेठी में दबंगों ने लात घूंसों से मारा, तीनों चोरों को बाल सुधार गृह भेजा गया

संवाददाता



अमेठी जिला, अमेठी के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के सुजानपुर गांव में गेहूं के गोदाम में चोरी करने घुसे तीन नाबालिग चोरों को पकड़ा गया था, जिन्हें पुलिस ने बाल सुधार गृह भेज दिया था। अब उसी घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ दबंग नाबालिग चोरों की लात-घूंसों से जमकर पिटाई कर रहे हैं। वीडियो में नाबालिग चोर दबंगों से छोड़ने की मिन्नतें करता दिखाई दे रहा है। यह पूरा मामला सुजानपुर गांव के रहने वाले अशोक कुमार अग्रहरी के गल्ला गोदाम का है। 4 सितंबर की देर रात अशोक गोदाम में सो रहे थे, जब उन्हें खटपट की आवाज सुनाई दी। जब उन्होंने उठकर देखा, तो रोशनदान टूटा पड़ा था और तीन चोर गेहूं लेकर भागने की कोशिश कर रहे थे। अशोक ने ग्रामीणों की मदद से तीनों चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने 5 सितंबर को तीनों नाबालिग चोरों को बाल सुधार गृह भेज दिया था। अब इसी गोदाम की एक वीडियो क्लिप सामने आई है, जिसमें एक नाबालिग चोर को दबंग पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। चोर छोड़ने की मिन्नतें कर रहा है, लेकिन दबंग उसकी पिटाई करते रहते हैं।

# लेखपालों के एक वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारम्भ

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर जनपद में नवनियुक्त 105 लेखपालों का महाराज सिंह इण्टर कालेज में आयोजित 01 वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, प्रशिक्षण विद्यालय के प्रधानाचार्य/तहसीलदार सदर अनिरूद्ध कुमार यादव सहित प्रशिक्षु मौजूद रहे। इस अवसर पर महाराज सिंह कालेज के शिक्षक नान बाबू पाण्डेय द्वारा मत्रोच्चार का वाचन किया। जबकि शिक्षिका शिवांगी राज द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करती हुई डीएम मोनिका रानी ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का महत्वपूर्ण अंग हैं। डीएम ने कहा कि लेखपाल का सबसे महत्वपूर्ण कार्य भूमि की पैमाईश एवं अंश निर्धारण है। गांवों में लोगों के बीच अधिकतर वाद-विवाद भूमि पैमाईश एवं अंश निर्धारण को लेकर सामने आते हैं। डीएम ने प्रशिक्षण के लिए नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रशिक्षुओं को भूमि पैमाईश कार्य में पूरी तरह से दक्षता प्रदान करें। डीएम ने सीआरओ को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान पैमाईश कार्य में दक्ष लेखपालों को बुलाकर प्रशिक्षुओं को भूमि पैमाईश का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिलाया जाय। डीएम ने प्रशिक्षुओं का आहवान किया कि पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि आप अपने पदेन उत्तरदायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर आमजन की समस्याओं का समाधान कर सकें। डीएम ने कहा कि सरकारी सेवा को मात्र सेवा तक ही सीमित न रखें बल्कि इसे लोगों की सेवा के अवसर के रूप में देखें। डीएम ने प्रशिक्षु लेखपालों को सुझाव दिया कि भू-लेख नियमावली, राजस्व संहिता के बारे में भी विधिवत जानकारी प्राप्त करें।

### शैक्षणिक भ्रमण ने बढ़ाया छात्रों का व्यवहारिक ज्ञान

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। रविवार को स्थानीय कंचन कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों को विद्यालय की ओर से शैक्षणिक भ्रमण हेतु लखनऊ में राजकीय आंचलिक विज्ञान केंद्र, प्राणिउद्यान, जनेश्वर मिश्र पार्क आदि जगहों का भ्रमण कराया गया। स्कूल के डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र कक्षा में किताबी ज्ञान प्राप्त करते हैं, जबकि शैक्षिक भ्रमण द्वारा विभिन्न जगहों से उन्हें वास्तविक एवं व्यवहारिक ज्ञान मिलता है। शैक्षिक पर्यटन हेतु छात्र विद्यालय से बस द्वारा रवाना हुए, जहां प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुँचकर छात्रों ने हजरतगंज स्थित चिड़ियाघर, राजकीय संग्रहालय, अलीगंज स्थित राजकीय आंचलिक विज्ञान केंद्र, सहित विभिन्न दर्शनीय व ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर शैक्षणिक व ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त की।विद्यालय द्वारा आयोजित उक्त शैक्षिक भ्रमण यात्रा दल में 100 विद्यार्थियों के साथ 20 शिक्षक शामिल रहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्राणिउद्यान में विभिन्न प्रजातियों के जीव जंतुओं, मछलियों, सांपो तथा पशु-पक्षियों की जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने इस दौरान दर्शनीय स्थल जनेश्वर मिश्र पार्क का भी भ्रमण किया। विद्यालय के प्रबंधक एम०श्रीवास्तव ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण से अर्जित ज्ञान छात्रों को लंबे समय तक याद रहेगा। शिक्षको संग बच्चों ने यात्रा में शैक्षिक जानकारी के साथ साथ साइंस सिटी स्थित प्रेक्षागृह में थ्री-डी शो का भी आनंद उठाया। शैक्षिक भ्रमण में शामिल छात्र-छात्राओं ने कहाकि यहां से स्कूल पहुंचने पर ऐतिहासिक स्थलों के संबंध में अपने दूसरे साथियों के साथ जानकारी साझा करेंगे। इस मौके पर विद्यालय की उपनिदेशक संगीता श्रीवास्तव, पंकज शुक्ला, के०के० मौर्या, रंजीत सिंह, मो० माजिद, प्रदीप श्रीवास्तव, अबरार अहमद, पवन सिंह, नसीब अहमद, मालती सिंह, शीबा, प्रीति, सुधा सिंह, उमाशंकर यादव, साक्षी सिंह, क्षमा सिंह, लोकेश श्रीवास्तव, शिवानन्द मिश्र आदि शामिल रहे।

# आरोपी पुलिस पकड़ से दूर क्राइम ब्रांच ने घटनास्थल की जांच पड़ताल

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के सेमरीमऊ निवासी युवक के ऊपर हुए जानलेवा हमले व पेशाब कांड के मामले में एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपितयो की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है।पीड़ित की मांग पर एसपी ने घटना की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी है।क्राइम ब्रांच की टीम ने घटनास्थल की जांच की है।

क्षेत्र के सेमरीमऊ निवासी अरुण दीक्षित पर एक अगस्त की रात रास्ते में पहले से मौजूद आरोपियो ने चाकू व डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था।वही जन बचाकर भागते समय अवैध असलहे से फायर किया था।आरोपियों ने पीड़ित को पेशाब पिलाकर घोर कृत्य किया था।अरुण की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद विनीत पटेल, प्रशांत उर्फ मोनू ,श्याम बहादुर,प्रांशु ,ललित शुक्ला उर्फ रामजी व दो अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।घटना के एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आरोपियो की गिरफ्तारी ना होने से अरुण ने एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना को प्रार्थना पत्र देकर जांच क्राइम ब्रांच से कराने की मांग की थी।जिसपर एसपी ने क्राइम ब्रांच को जांच सौंपी है।सोमवार को क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर ब्रजेश शुक्ला व अरविंद पांडेय ने घटनास्थल पहुंच बारीकी से जांच की।पीड़ित ने जल्द गिरफ्तारी ना होने पर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है।

# अयोध्या में शमशान स्थल पर गौशाला निर्माण का विरोध

### बड़ी संख्या में व्यापारियों और ग्रामीणों का प्रदर्शन, बी.डी.ओ ने रुकवाया काम

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, अयोध्या के कुचेरा ग्राम पंचायत में शमशान स्थल पर अस्थाई गौशाला निर्माण का विरोध शुरू हो गया है। स्थानीय व्यापारियों और ग्राम वासियों ने शमशान स्थल पर जाकर इसका विरोध किया और निर्माण कार्य को रोकने की मांग की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम केवल ने बताया कि यह अस्थाई गौशाला केवल तीन महीने के लिए बनाया जा रहा है, लेकिन व्यापारी और ग्राम वासी इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शमशान स्थल पर किसी अन्य प्रकार का निर्माण नहीं होना चाहिए। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष महेश कुमार कौशल ने कहा कि अगर किसी के परिवार में कोई घटना होती है, तो ग्राम सभा के व्यापारी अपने परिवार की अंत्येष्टि संस्कार कहां पर करेंगे। उन्होंने शमशान स्थल पर बन रहे गौशाला का पूरा व्यापार मंडल विरोध करता है। ग्रामीणों ने बताया कि कुचेरा ग्राम पंचायत के गाटा संख्या 1060 जिसका कुल लगभग रकबा 0.2500 हेक्टेयर शमशान के लिए सुरक्षित की गई थी। उसी भूमि पर 14 वां वित्त एवं राजस्व वित्त योजना के अंतर्गत सन 2019-20 में जनहित को देखते हुए रिजर्व शमशान की भूमि पर प्रधान माधुरी कौशल के द्वारा गांव में सभा की खुली बैठक कर शमशान की बाउंड्री वॉल बनाने का प्रस्ताव किया गया था। उस प्रस्ताव के तहत एडीओ पंचायत विनोद कुमार सिंह तथा ग्राम विकास अधिकारी अविनाश चतुर्वेदी की देखरेख में शमशान स्थल का बाउंड्री वॉल बनाया गया था। तब से कुचेरा बाजार की समस्त व्यापारियों और लक्ष्मण के पुरवा के ब्राह्मणों के परिवार का अंत्येष्टि संस्कार इस शमशान स्थल होता चला आ रहा है। लेकिन जिस पर अस्थाई गौशाला स्थल बनाया जा रहा है, निर्माण कार्य को देखकर कुचेरा बाजार के समस्त व्यापारी और ग्रामीण शमशान स्थल पर जाकर इसका विरोध किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम केवल ने बताया कि यह अस्थाई गौशाला केवल तीन महीने के लिए बनाया जा रहा है। जिसको तीन महीने बाद हटा दिया जाएगा। वहीं मौजूद पूर्व प्रधान प्रतिनिधि विनोद कौशल ने बताया कि इसके अलावा शमशान अंत्येष्टि के लिए और कोई दूसरा स्थान नहीं है। प्रधान प्रतिनिधि की बात से शमशान स्थल पर मौजूद जनसमूह संतुष्ट नहीं हुआ और शमशान स्थल के अंदर बनाई जा रही दीवार को आक्रोशित जनसमूह ने गिरा दिया। खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर केपी श्रीवास्तव ने बताया कि मामला संज्ञान में है। काम को रोकवा दिया गया है। विरोध में महेश कौशल, रमेश कौशल ,पारस नाथ कौशल, राम गरीब दुबे ,संजय यादव बारिया, बुधी राम कौशल, संतोष कौशल,राम नरेश कौशल ,रामबाबू कौशल, देवनारायण कौशल, अनिल मौर्य ,घनश्याम जायसवाल, राम जियावान चौहान, चंद्रमा मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा ,राम नाथ चौहान ,श्री चंद चौहान, बुधराम कौशल, इमरान अली, राजेंद्र प्रसाद ,राम प्रसाद कौशल, देवी प्रसाद कौशल, राधेश्याम कौशल ,राधेश्याम बरई, पवन जायसवाल, रमेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, रामबाबू कौशल , संजय कौशल ,राम बाबू कौंधना आदि सैकड़ों व्यापारी बंधु व ग्राम वासी शमशान स्थल पर मौजूद रहे और अपना विरोध दर्ज कराया है।

# लोहा गलाने की फैक्ट्री में झुलसकर कामगार की मौत

- मोल्डिंग ठीक करते समय हुआ हादसा, पैर फिसलने से गिर गया था

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, हापुड़ में देर रात को मसूरी-गुलावठी रोड पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में लोहा गलाने की फैक्ट्री में काम करते समय झुलस जाने से कामगार की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार देर रात फेस-3 में स्थित प्रभु एलायज नामक फैक्ट्री में गांव शिवाय के रहने वाले राजकुमार मोल्डिंग सही कर रहा था। पैर फिसल जाने के चलते राजकुमार मोल्डिंग के पास गिरकर बुरी तरह से झुलस गए। फैक्ट्री प्रबंधन ने तुरंत ही राजकुमार को गाजियाबाद के चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार की सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक पुलिस को शिकायत नहीं मिली है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि फैक्ट्री में गिरने से मौत हुई है। अभी शिकायत नहीं मिली है, अगर कोई शिकायत आती है तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि का किया गया स्थलीय निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। नगर मजिस्ट्रेट/सक्षम प्राधिकारी भूमि अध्याप्ति शालिनी प्रभाकर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 927 के निर्माण के लिए अधिग्रहीत की जाने वाली तहसील-कैसरगंज के पांच ग्रामों तप्पेसिपाह, आदमपुर, झुकिया, रिढौठा व मुस्तफावाद की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के समय तहसीलदार कैंसरगंज, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल, भूमि अध्याप्ति अमीन व एन.एच.ए. आई के स्थानिक अभियन्ता, अपनी सर्वे टीम के साथ उपस्थित रहें। सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित शासकीय



भूमि तथा अनुसूची में अंकित अकृषक भूमि का गाटावार निरीक्षण कराया गया। मौके पर अर्जन प्रभावित खातेदार व अन्य स्थानीय कृषकगण मौजूद रहें। स्थलीय निरीक्षण के दौरान सक्षम प्राधिकारी नगर मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानिक अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित भूमि की निशानदेही हेतु मौके पर पत्थर लगाये जायें। निरीक्षण के समय जिन भू-खण्डों में मौके पर परिसम्पत्तियां पाई गयी है उनकी ग्रामवार सूची उपलब्ध कराया जाय।

# बांदा में दो आरोपी गिरफ्तार

- खनन निरीक्षक के साथ मारपीट का मामला, वीडियो आया था सामने

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में खनन निरीक्षक के साथ मारपीट करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि बीते दिनों खनन निरीक्षक के साथ मारपीट करने का एक वीडियो सामने आया था। इसके बाद खनन निरीक्षक ने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी और उनमें से नामजद दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आपको बता दें कि पूरा मामला बांदा के मटौंध थाना क्षेत्र अंतर्गत से सामने आया है। जहां पर बीते दिनों खनन निरीक्षक गौरव गुप्ता मटौंध में गिट्टी से भरे गाड़ियों की चेकिंग कर रहे थे। उसी समय दो लोगों ने उन पर हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट भी की। इस समय वहां से निकलते कुछ लोगों ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। खनन अधिकारी ने मटौंध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रहे थे।

वहीं पुलिस ने आज दो अभियुक्तों को शानू सिंह पुत्र सुधीर सिंह निवासी हरसिंह थोक कस्बा मटौंध जनपद बांदा और दूसरा पुष्पेंद्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी हरसिंह थोक कस्बा मटौंध को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आगे कार्रवाई की जा रही है। सीओ गवेंद्र पाल गौतम ने बताया कि थाना मटौंध में खनिज इंस्पेक्टर के साथ कुछ लोगों के द्वारा मारपीट की गई थी। आज मटौंध पुलिस ने मारपीट करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# संक्षेप

## बाइक की चपेट में आने से मासूम घायल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के वार्ड संख्या 10 अंबेडकर नगर में सोमवार की सुबह 8.30 बजे कुसम्हा रोड के पास बाइक की चपेट में आने से एक मासूम चच्चा घायल हो गया। स्वजन तत्काल उसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठरापार में भर्ती कराए, जहां से डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय गोरखपुर रेफर कर दिया है। घायल की पहचान जितेंद्र मद्धेसिया का तीन वर्षीय पुत्र आर्यन के रूप में है।

## मंत्री के घर के सामने सांड ने बुजुर्ग को पटका...

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में सांड ने 85 साल के बुजुर्ग को उठाकर पटक दिया। बुजुर्ग अपने दुकान पर जा रहे थे। राज्य मंत्री दिनेश खटीक के घर के सामने साड़ ने उन पर हमला कर दिया। उन्हें 3 फीट हवा में उछालकर सड़क पर पटक दिया। सीने और पेट में सींग घुसा दी, जिससे उनकी आंतें बाहर आ गईं। बुजुर्ग बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनकी हालत गंभीर है। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। मामला गंगानगर के राजेंद्रपुरम का है। गंगानगर बी-ब्लॉक में रहने वाले प्रमोद अवंतिका का राजेंद्रपुरम मुख्य बाजार में इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम है। उनके पिता कृपाल सिंह बुधवार शाम टहलने के बाद दुकान पर जा रहे थे। उनके हाथ में छड़ी थी। रास्ते में राज्य मंत्री दिनेश खटीक के आवास के सामने सांड ड्रम में रखा चारा खा रहा था। जैसे ही कृपाल सिंह उसके पास से गुजरे। सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले के बाद आसपास के लोग दौड़े और सांड को भगाया। लोगों ने कपड़ा हटाकर देखा तो उनकी आंतें बाहर निकली हुई थीं। परिजनों को इसकी जानकारी दी। गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर रात तक उनका ऑपरेशन चला। इसके बाद आईसीयू में रखा गया। घटना के बाद हरकत में आए नगर निगम के कर्मचारियों ने सांड ने पकड़ लिया।

## पूर्व प्रधान के हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, अहमदगढ़ क्षेत्र के गांव ढकनंगला के पूर्व प्रधान रामवीर सिंह की गोली मारकर हत्या करने वाले शूटरों से अहमदगढ़ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो फरार शूटरों के पैरों में गोली लग गई। पुलिस ने घायल बदमाशों के पास से 2 तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। एसएसपी श्लोक कुमार के अनुसार, अहमदगढ़ पुलिस को सूचना मिली थी कि पूर्व प्रधान की हत्या में शामिल दो बदमाश गांव ढकनगला और ग्राम पापड़ी के बीच नहर पटरी पर जंगल में देखे गए हैं।

# आईटीएम गीडा में मनाया गया ऐतिहासिक दिवस

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर एवं इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान में संस्थान के डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में रॉयल चार्टर डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि इं एस के अग्रवाल एवं संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, डॉ पी के मिश्रा, संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम कि शुरूआत में इंस्टिटूशन्स ऑफ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर गोरखपुर के अध्यक्ष ने इं पी के मिश्रा ने कहा कि इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गोरखपुर पूर्वांचल मे तकनीकी प्रबंधन एवं फामेसीं का एक प्रमुख संस्थान है कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हुए मुख्य अतिथि चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज गोरखपुर के पूर्व अध्यक्ष इं एस के अग्रवाल ने कहा कि रॉयल चार्ट दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्रेरित करना और उन्हें नए विचारों के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह के द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर डॉ पी डी पांडा, एम क्यू बेग, इं आर सी पाण्डेय, डॉ आर पी सिंह, कुलसचिव डॉ एस के पाण्डेय, डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, विनीत राय, दीप्ति ओझा, सहित संस्थान के सभी शिक्षक और छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

## विमल कांत गौतम बने अखिल भारतीय क्षेत्र पंचायत संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पिपरौली विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मल्हीपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य विमल कांत गौतम को अखिल भारतीय क्षेत्र पंचायत संघ के प्रदेश अध्यक्ष मो. साजिद तुर्क ने पिपरौली ब्लॉक का अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिससे ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों में खुशी की लहर हैं। ब्लॉक अध्यक्ष मनोनय होने पर विमल कांत गौतम ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष और शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है हम उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पूरा करने की कोशिश करूंगा। क्षेत्र पंचायत सदस्यों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष मनोनय होने पर अमित सिंह, रंजय मौर्य, संतोष कुमार, अब्दुल रज्जाक, सत्यपाल सिंह, सीमा चौरसिया, विनोद पांडे, इसरार उल हक, सहित सभी सदस्यों ने बधाई दी हैं।

# पूर्वोत्तर रेलवे यांत्रिक कारखाना में मजदूर संघ चुनाव की गरमाहट, पीआरकेएस ने बांधी कमर

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के यांत्रिक कारखाने में आगामी दिसंबर में होने वाले मजदूर संघ चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। मंडल मंत्री आरपी भट्ट और अध्यक्ष डीके तिवारी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ (पीआरकेएस) ने कारखाने के विभिन्न शापों में कर्मचारियों से संवाद किया और उन्हें आगामी चुनाव में पीआरकेएस को वोट देने का आह्वान किया। अपने संबोधन में मंडल मंत्री आरपी भट्ट ने पुरानी पेंशन, नेशनल पेंशन और यूनिफाइड पेंशन योजनाओं की तुलना करते हुए सरकार की नई पेंशन योजना पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना कर्मचारियों के हित में नहीं है और सरकार केवल लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। आर पी भट्ट ने कहा कि यांत्रिक कारखाना गोरखपुर भारतीय रेलवे की धरोहर है और इसे बचाने के लिए एक मजबूत और प्रभावशाली मजदूर संघ की आवश्यकता है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे पीआरकेएस को वोट देकर अपनी ताकत का प्रदर्शन करें। इस संवाद अभियान में डीके तिवारी, विजय पाठक, राजेश जैसवाल, अमित गुप्ता, निशांत यादव, संजय सिंह और बृजपाल सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी भी शामिल थे।

# आबकारी विभाग की दबिश में 15 लीटर कच्ची शराब बरामद, 300 किलो लहन नष्ट



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम मियाइन टोला में आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की साथ ही, करीब 300 किलो लहन को मौके पर ही नष्ट किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान में आबकारी निरीक्षक विपिन राय और अर्पित शुक्ला ने अपने दल के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की । आबकारी विभाग के द्वारा एक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत दर्ज किया गया है।

# किसान के घर में चोरों ने की वारदात

## सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम एवं प्रशासन ने खोजबीन की प्रारंभ

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सरहन बुजुर्ग में किसान रमाकांत प्रजापति के घर विगत रात्रि रविवार प्रातः सोमवार को अज्ञात चोरों ने धावा मारकर 5 000 नगदी समेत जेवरात ले उड़े पीड़ित ने अपने नजदीकी थाना चांदपुर में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि वह शाम समय खाना खाकर अपने परिवार पत्नी तथा बच्चों के साथ घर के बरामदे पर सो गया भोर पहर लगभग 4 बजे नींद खुलने पर घर में सामान फैला देखा जहां आनन फानन पूरे घर की छानबीन की जिससे पता चला कि चोर घर के पीछे लगे दरवाजे से घर में प्रवेश कर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए पीड़ित ने बताया कि घर में रखा 5000 रुपये नगद के साथ जेवरात दो जोड़ी झाला मंगलसूत्र चार जोड़ी बिछिया 6 जोड़ी तोड़िया नाक की कील आदि लगभग 100000 से अधिक के जेवरात का नुकसान पहुंचा सूचना मिलते ही पहुंचे थाना अध्यक्ष चांदपुर राजेंद्र सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया वहीं आमंत्रण पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी छानबीन प्रारंभ की फॉरेंसिक टीम प्रभारी बृजेश सिंह के साथ अन्य सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने बारीकी से निरीक्षण किया वही भुक्त भोगी से अनेक प्रकार की जानकारियां ली पीड़ित ने बताया की लगभग 4 वर्ष पूर्व भी अज्ञात चोरों ने घर में वारदात की थी जहां मां के जेवरात पर हाथ साफ करके निकल गए थे वही इस बार पत्नी की संपूर्ण जेवर गायब हो गई नजदीकी थाना चांदपुर थाना अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जहां खोजबीन के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना को लेकर संगोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना को लेकर ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण से संबंधित गोष्ठी का आयोजन हुआ।जिसकी अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख कवलदीप चौहान ने की। गोष्ठी में उपस्थित जनप्रतिनिधियों/ कर्मचारियों को संबंधित केरते हुए बीडीओ सत्यकाम तोमर ने कहा कि यह सूची 5 वर्ष के लिए बनेगी।सूची में संभावित पात्रों की सूची ग्राम सचिव अपने ग्राम प्रधानों/बीडीसी सदस्यो के साथ मिलकर पारदर्शिता के साथ एक सप्ताह में तैयार कर ले।ताकि शासन द्वारा मांगे जाने पर उसको दिया जा सके। संभावित सूची में नाम जोड़ने के लिए ग्राम सभा की खुली बैठक मुनादी के साथ होना चाहिए।और संभावित लोगो का नाम एक रजिस्टर में अंकित होना चाहिए।ताकि निरीक्षण के दौरान देखा जा सके। आईजीआरएस/अन्य किसी माध्यम से यदि कोई पात्र जांच में सही पाया गया हो तो प्राथमिकता के आधार पर इस सूची में नाम अंकित कर ले।। पात्रता का चयन नए मानक के हिसाब से करना है।इसके लिए गांव में फ्लैक्स बनवाकर लिखवा दिया जाय। संचालन एपीओ अवधेश वर्मा ने किया।मौके पर यूपी राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य डा आर डी सिंह, सलाहकार मदन मुरारी गुड्डू, गुड्डू उपाध्याय, राधेश्याम राय, प्रमोद राय, जितेंद्र, विजय, जयप्रकाश, राघवेंद्र पाठक, अनिल, हीरा लाल, लोकेश, अभय कुमार, गौरी, शिल्पी यादव, केडी यादव मौजूद रहे।

# जालौन एसपी ने 8 थानों के प्रभारी बदले

- 2 को किया लाइन हाजिर, साइबर थाने को मिले नए प्रभारी निरीक्षक

अमन लेखनी समाचार




जालौन, जालौन की कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने नदीगांव और चुर्खी कदौरा सहित आठ थानों के थानाध्यक्ष को बदल दिया है। जबकि पिछले दो माह से खाली माधौगढ़, डकोर कोतवाली और साइबर क्राइम थाने में नई तैनाती की गई है। वहीं दो थानाध्यक्षों को लाइन हाजिर कर दिया है। गुरुवार देर रात को सूची जारी करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बताया कि डकोर कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक शशिकांत चौहान को बनाया गया है जबकि माधौगढ़ कोतवाली की कमान पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक पप्पू सिंह यादव को दी गई है। साथ ही उरई कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक कृष्ण बिहारी मिश्रा को साइबर थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। इन तीनों जगह पर पिछले दो माह से निरीक्षक की तैनाती नहीं थी। इतना ही नहीं पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक शिव शंकर सिंह को चुर्खी थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। जबकि चुर्खी थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पांडेय को पुलिस लाइन भेजा गया है। गोहन थाने के प्रभारी निरीक्षक दिव्य प्रकाश तिवारी को नदीगांव थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि नदीगांव थाने के थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा को पुलिस लाइन भेजा गया है। मंडी चौकी के प्रभारी प्रभात सिंह को कदौरा थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। कदौरा थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडेय को कोटरा थाने का प्रभारी बनाया गया है। वहीं कोटरा थाने के प्रभारी निरीक्षक वरुण प्रताप को गोहन थाने की कमान दी गई है।

# मेरठ नगर निगम पर 5 करोड़ का जुर्माना

## एनजीटी के आदेश को किया दरकिनार, कूड़ा निस्तारण में फेल होने पर यूपीपीसीबी सख्त

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ नगर निगम पर उत्तर प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। मेरठ नगर निगम एनजीटी के आदेशों के बाद भी कूड़े के निस्तारण में विफल है। इसके चलते यूपीपीसीबी ने ये कदम उठाया है। आरोप है कि निगम की ओर से कूड़े का निस्तारण सही तरीके से नहीं किए जाने से पर्यावरण को क्षति पहुंची। इस आधार पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के तहत पांच करोड़ का जुमार्ना लगाया है। निगम को 15 दिन में जुमार्ना अदा करने और साक्ष्य उपलब्ध कराने को कहा है। जुमार्ने की धनराशि 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में हुई सुनवाई के दौरान बोर्ड ने कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की। यदि निगम जुमार्ना राशि नहीं जमा करता है तो आरसी जारी कर वसूली की जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ता लोकेश खुराना ने एनजीटी में याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि नगर निगम की ओर से कूड़े का सही निस्तारण नहीं कराया जा रहा है। इससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। इस याचिका को लेकर एनजीटी ने विशेषज्ञों की टीम से मुआयना कराया था। टीम ने भी निगम पर लापरवाही के आरोप लगाए। एनजीटी में रिपोर्ट दाखिल की। उधर, एनजीटी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कार्रवाई का निर्देश दिया था। इस आधार पर तीन जुलाई 2024 को पहले जुमार्ने का नोटिस दिया गया था। अब उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एक अप्रैल 2020 से एक मई 24 तक 50 माह में कूड़े का सही निस्तारण न करने पर 10 लाख रुपये प्रति माह के हिसाब से पांच करोड़ का जुमार्ना लगाया है। यूपीपीसीबी ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में हुई सुनवाई के दौरान बोर्ड ने कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की। सुनवाई कर रहे दो जजों व एक विशेषज्ञ सदस्य की बेंच ने नगर निगम अधिकारियों को प्रतिदिन उत्सर्जित ताजे और पहले से डंप कूड़े के निस्तारण पर एक सप्ताह में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अगली सुनवाई दिसंबर में होगी।

# अनूपशहर में गंगा के जलस्तर में 2 फीट का इजाफा

- प्लेटफार्म से सटकर बह रहा गंगा का जल, बैराज से छोड़ा 50 हजार क्यूसेक पानी

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, अनूपशहर में पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते गंगा के जलस्तर में करीब दो फुट का इजाफा हुआ है। जिससे घाटों की सीढ़ियां भी जलमग्न हो गयी हैं। बिजनौर बैराज से आज 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जो कि कल सुबह तक अनूपशहर पहुंचेगा। वहीं सिंचाई विभाग ड्रेनेज के अवर अभियंता उमेश कुमार ने बताया कि आज देर शाम के बाद गंगा के जलस्तर में गिरावट होना प्रारंभ हो जाएगी। फिलहाल अनूपशहर में गंगा आरती स्थल प्लेटफार्म को छू रही है। यदि कल भी बिजनौर गंगा बैराज से 50 हजार क्यूसेक से कम पानी छोड़ा जाता है तो जलस्तर में गिरावट होगी अन्यथा इसी तरह जलस्तर बढ़ता रहा तो कल सुबह तक जल के आरती स्थल पर गंगा के पहुंचने की प्रबल संभावना है। वही अहार में भी गंगा के जलस्तर में इजाफा हुआ है। नरौरा में भी गंगा के जलस्तर में इजाफा हुआ है। बृहस्पतिवार शाम गंगा बैराज पर गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है । नदी की डाउनस्ट्रीम में 1 लाख 7 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है।

तहसील प्रशासन द्वारा जल स्तर में हो रहे लगातार इजाफे को देखते हुए सतर्क निगाह रखी जा रही है तथा लोगों को भी आगाह किया गया है। फिलहाल नरौरा में गंगा का जलस्तर लो फ्लड में पहुंच चुका है।

# अनूपशहर में बुआ-भतीजी की मौत

## गुलावठी में ड्रिंक-ड्राइव व हिट एंड रन का केस, चालक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, बुलंदशहर के गुलावठी में रात एक तेज रफ्तार कार ने इवनिंग वॉक पर निकली बुआ-भतीजी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार चालक शराब के नशे में धुत था और वह गलत दिशा से गाड़ी चला रहा था। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। गुलावठी निवासी वीरेंद्र गुरुवार रात अपनी पत्नी मंजू (40) और बुआ कृष्णा (निवासी अहीर नगला, जहांगीराबाद) के साथ खाना खाने के बाद इवनिंग वॉक पर निकले थे। वीरेंद्र ने बताया कि वे पुराने हाईवे पर वॉक करने के बाद लौट रहे थे। जैसे ही वे एनपीजी कॉलेज के पास पहुंचे, तभी बुलंदशहर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने रॉन्ग साइड से आकर उनकी पत्नी और बुआ को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार रेलिंग और वाटर कूलर को तोड़ते हुए अंदर घुस गई। हादसे के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और घटना स्थल पर हड़कंप मच गया। हादसे के बाद मौके पर जमा भीड़ ने चालक को पकड़ लिया, जबकि कार में सवार दो युवक चुपचाप भाग निकले। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर चालक को हिरासत में ले लिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि कार के अंदर शराब की बोतल, पानी की बोतल और खाली ग्लास मिले हैं, जिससे पुष्टि होती है कि कार चालक शराब के नशे में था। मृतक मंजू और उनकी बुआ कृष्णा की मौके पर ही मौत हो गई। गुलावठी क्षेत्राधिकारी पूर्णिमा सिंह ने बताया कि कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है

# बुलंदशहर में 21 महिला शिक्षक सम्मानित

- अपने-अपने क्षेत्र में किया शानदार काम, रोटरी क्लब ने होटल में रखा कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, रोटरी क्लब बुलंदशहर फ्रेंड्स ने शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूल और कॉलेजों की 21 महिला शिक्षकों को सम्मानित किया। गुरुवार रात डीएम रोड स्थित एक होटल में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस विशेष आयोजन की मुख्य अतिथि हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के. गोयल की पत्नी नीता गोयल थीं। समारोह की अध्यक्षता ममता गुप्ता ने की और इसे कनक गोविल ने संयोजित किया।

समारोह में गौरीशंकर कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंशु बंसल, डीएवी डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेनू अग्रवाल, आईपी कॉलेज से पूनम पालीवाल और डॉ. छाया चौधरी और महाराजा अग्रसेन कॉलेज की आरती अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इसके अलावा बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों से अनीता त्यागी, अंजू कुमारी गुप्ता, रचना अग्रवाल समेत अन्य शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। सभी शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र प्रदान किए गए। समारोह के दौरान सभी महिला शिक्षिकाओं ने अपने अनुभव साझा किए। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, सचिव कपिल गोयल, और अन्य सदस्य जैसे सचिन गोयल, राजेश गुप्ता, डॉ. एस.के. गोयल, डॉ. आशीष शर्मा, कपिल चक्रवर्ती, इंदर अग्रवाल, नितिन जालान, रविकांत अग्रवाल और अन्य प्रमुख व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लिए डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक



**शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को संदर्भ की नियत तिथि के पहले ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही निस्तारण से शिकायतकताओं को भी संतुष्ट करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पीजी कॉलेज में नवनियुक्त लेखपालों को दिया गया प्रशिक्षण

## जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार





अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज इन्दिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गौरीगंज में नवनियुक्त लेखपालों के प्रशिक्षण सत्र का माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यापर्ण कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र में लेखपालों को संबोधित करते हुए कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग व प्रशासन की मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा में लेखपालों की भूमिका महत्वपूर्ण है।उन्होंने सभी सभी लेखपालों से अपने सकारात्मक कार्यों से आमजनमानस को सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन और समाज के हित में कार्य करने के साथ ही ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो। जिलाधिकारी ने कहा कि यह बहुत सौभाग्य की बात है कि आप सभी को जनता के बीच रहकर उनकी सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। बिना किसी शर्त के व सम्मानपूर्वक अपनी सेवाएं दें। किसी के दबाव में आकर या प्रलोभन में पड़क र कभी कोई गलत कार्य न करें और अपनी रिपोर्ट ससमय व सही लगायें, जिससे कि आगे की कार्यवाही तेजी से हो सके और आमजनमानस को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जो सिखाया जाए उसे पूरी मेहनत और लगन से सीखने का प्रयास करें, अच्छा प्रदर्शन करें, जो भी कार्य आपको दिए जाएं उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निवर्हन करें। अंश निर्धारण, जमीन की पैमाइश, खसरा-खतौनी, पट्टे का सत्यापन इत्यादि को गहनता से सीखें, जिससे फील्ड में काम पूरी निष्पक्षता व मजबूती से कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद स्तर पर नव नियुक्त लेखपालों के प्रशिक्षण का कार्य एक रोस्टर के अनुसार कराया जाए इसके साथ ही बीच-बीच में उनकी परीक्षा भी लेते रहें, जिससे उनके कार्य में पारदर्शिता लाई जा सके। बताते चले कि जनपद में कुल 76 लेखपाल नियुक्त किये गये है जिसमें प्रथम सत्र में 39 तथा द्वितीय सत्र में 37 लेखपालों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित नवनियुक्त लेखपालों से संवाद भी किया तथा कहा कि यदि उन्हें प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार का कोई संदेह होता है तो वह उसे सम्बन्धित से जानकारी कर कंठस्थ कर लें। जिससे कि भविष्य में उन्हें कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) राम केवल त्रिपाठी, तहसीलदार गौरीगंज सहित समस्त सम्बन्धित उपस्थित रहें।

# बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा



अमन लेखनी समाचार

अमेठी पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में सुरक्षा व्यवस्था व संदिग्धों पर निगरानी बनाये रखने हेतु क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह द्वारा स्टेट बैंक आफ इण्डिया शाखा जायस, क्षेत्राधिकारी अमेठी लल्लन सिंह द्वारा एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक व बैंक आफ बड़ौदा की अमेठी शाखा व सरार्फा मार्केट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, बैंक के अंदर तथा बाहर व एटीएम के आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनो के संबन्ध में पूछताछ की गई व सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधि0/कर्म0 को सतर्कता से ड्यूटी करने व आने जाने वाले वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों व नई उम्र के लड़कों की चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया । बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी । अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को बैंक सुरक्षा के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों, दो पहिया वाहनो पर तीन सवारी तथा नये उम्र के लड़को की चेकिंग के निर्देश दिए गए ।

# दलितो के उत्थान मे कांग्रेस सदैव अग्रणी रही-किशोरी लाल शर्मा

## कांग्रेस की नीति को घर घर तक पहुंचाएं बैठक में





अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला कांग्रेस अनुसूचित विभाग की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, जिला अनुसूचित विभाग जिला अध्यक्ष रजवाड़ी प्रसाद पासी सहित अमेठी संसदीय क्षेत्र के 17 ब्लॉक अध्यक्ष व वरिष्ट अनुसूचित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। राजीव गांधी सभागार में सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दलितों के उत्थान में कांग्रेस सदैव अग्रणी रही ।बसपा के नीति पर तंज कसते हुए कहा कि नेता को समाज का नेतृत्व करना चहिए ।ना कि सौदा करना चाहिए। कांग्रेस सर्व समाज की पार्टी है आप सब अपने समाज को सही दिशा दीजिए और कांग्रेस की नीति को घर घर तक पहुंचाएं बैठक में अनिल सिंह, ब्रजेश तिवारी गीता सिंह अभिषेक सिंह इंद्रपाल प्रभाकर, राम बौरासी, राजकुमार पासी, फूलचंद, जिया लाल, हरीराम अमरावती, अमरनाथ गौतम, दिनेश कोरी उपस्थित रहे

### सांसद को अल्पसंख्यक सेल ने सम्मानित किए

अमेठी ।राजीव गांधी सभागार में अमेठी जिला अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सैयद हुसैन ने कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा को भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की तस्वीर भेंट किए इस अवसर पर हाजी इसरार खा जहीर अहमद गुर्जर जहीर अहमद कुरैशी, शेर अली, मो वशीम सहित अमेठी संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पिछले आठ वर्षों से नगर पंचायत में तैनात रहा अभियंता रिश्वत लेते गिरफ्तार, एंटी करप्शन टीम ले गयी बांदा



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पिछले आठ वर्षों से नगर पंचायत सुमेरपुर के कार्यों के एस्टीमेट व एमबी करने वाले पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता रमेश चंद्र गुप्ता को एक ठेकेदार की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता रमेश चंद्र गुप्ता की तैनाती वर्ष 2016 में नगर पंचायत सुमेरपुर में हुई थी। तब से यहां यह आठ वर्षों से कार्य रहे हैं। अवर अभियंता ने नगर पंचायत के तमाम घटिया कार्यों में अहम भूमिका निभाई। एस्टीमेट व एमबी से लेकर इस अभियंता की मनमानी के तमाम कारनामे कस्बे के लोगों की जुबान पर चर्चा पर रहे। कई मर्तबा उनके कार्यों की शिकायतें भी हुई। लेकिन यह अभियंता हमेशा अधिकारियों को गुमराह करके बच निकलता रहा। जिस ठेकेदार की शिकायत पर अभियंता को दबोचा गया है। उस ठेकेदार की एफडी वापसी के नाम दस हजार रुपये की मांग कर रहा था। ठेकेदार की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम बांदा ने रिश्वत देते समय इसे रंगे हाथों पकड़ कर दबोच लिया और अपने साथ बांदा ले गई है।

# पानी भरने के विवाद में युवक की लाठियों से पीटकर हत्या, परिजनों ने दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में नल पर पानी भरने के मामूली विवाद में दबंगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। घटना के कुछ घंटे बाद देर रात युवक के पेट में अचानक दर्द शुरू हो गया और देखते ही देखते सकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं पत्नी का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के बजाय उसके पति को ही थाने ले गई थी और काफी मिन्नतों के बाद पति को छोड़ा। जहां घर आने पर पेट में दर्द के बाद उसकी मौत हो गई दरअसल, यह पूरा मामला जायस कोतवाली क्षेत्र के गंगाराम का पुरवा गांव का है। जहां गांव का रहने वाला संतोष यादव घर के पास ही लगे हैंडपंप पर कल शाम करीब 6 बजे पानी भरने गया था तभी हैंडपंप के पास रहने वाले राजकरन और उसके परिजनों ने युवक की लाठी डंडों और लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी।आरोपियों ने डायल 112 को फोन कर मौके पर बुलाया, जिसके बाद डायल 112 संतोष को लेकर थाने पहुंची। करीब 3 घंटे बाद संतोष की पत्नी माधुरी थाने पहुंची और इंस्पेक्टर से मिन्नतें कर के अपने पति को वापस घर लेकर आई। करीब 12 बजे रात में संतोष के पेट में अचानक दर्द हुआ, जिसके बाद उसकी मौत हो गई।संतोष की मौत बात पूरे घर में हड़कंप मच गया। पत्नी माधुरी का आरोप है कि नल पर पानी भरने को लेकर अक्सर सामने के लोग उसके पति को मारते पीटते थे। कल शाम सभी ने उसके पति की जमकर पिटाई कर दी और भी पुलिस मेरे पति को ही थाने लेकर गई। काफी देर बाद में थाने पहुंची तो अपने पति को छुड़ाकर घर लेकर आई लेकिन रात में अचानक पेट दर्द शुरू हो गया और उनकी मौत हो गई।मारने वालों में राजकरन उसकी पत्नी सुमन बेटी अनामिका बेटा प्रिंस शामिल थे।

# फांसी पर झूला युवक, हुई मौत

**घरेलू कलह से आहत होकर युवक ने स्वीकारा मौत**

अमन लेखनी समाचार/ समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर , जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव गौरी अवाजीपुर निवासी 35 वर्षीय युवक लईक पुत्र हमीद की फांसी में झूलने से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार युवक ने घर के ही टीन सेड में लगे पाइप में रस्सी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह उठते ही परिजनों ने यह दृश्य देखा तो घर में हाहाकार मच गया वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन एवं फॉरेंसिक टीम ने निरीक्षण करते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन गृह फतेहपुर रवाना किया आपसी कानाफूसी के दौरान मिली जानकारी के अनुसार अधिकतर पति-पत्नी में झगड़ा होता रहता था जहां 2 दिन पूर्व मृतक की पत्नी सब्बो अपने पति से झगड़ा करते हुए अपने मायके चली गई वहीं मृतक के चारों बच्चे घर पर ही थे जिससे आहत होकर युवक ने आत्महत्या कर ली जबकि अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र इसकी पुष्टि नहीं करता पिता हामिद ने प्रशासन को लिखित सूचना दी जहां थाना अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि अन्य कई प्रकार की चचाएं सुनने को आ रही हैं जहां पत्नी भी मायके से वापस लौटकर ससुराल आ गई थी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# खेत की रखवाली कर रहे बुजुर्ग किसान की हत्या

## चारपाई पर मिला शव, शरीर पर थे चोट के कई निशान



अमन लेखनी समाचार

अमेठी में देर रात खेत की रखवाली कर रहे बुजुर्ग किसान की अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। सुबह मौके पर पहुंचे परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। सीओ ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से घटना के विषय मे बातचीत की है ।दरअसल, ये पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के निजामुद्दीन पुर गांव का है। जहां गांव के रहने वाले 70 वर्षीय बुजुर्ग रामकलप यादव देर रात खाना खाने के बाद खेत की रखवाली करने चले गए थे। आज सुबह जब बुजुर्ग घर नहीं पहुंचे, तो परिजन उन्हें खोजते हुए खेत पर गए। जहां चारपाई पर राम कलप का शव पड़ा था।

### सिर और शरीर पर चोट के कई निशान

राम कलप के सिर और शरीर पर चोट के कई निशान थे। बुजुर्ग की हत्या की खबर लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सीओ अतुल सिंह, एसएचओ विवेक सिंह मौके पर पहुँचे घटनास्थल का बारीकी से जांच करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### सीओ ने कहा....

पूरे मामले पर सीओ अतुल सिंह ने कहा कि मामला संदिग्ध है। अभी तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# छठ महोत्सव की शोभायात्रा का राज्य मंत्री व सदर विधायक ने आरती कर किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर क्षेत्र के पारा रैपुरा गांव में छठ महोत्सव के अवसर पर जल विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ राज्य मंत्री मनोहरलाल पंत व सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने संयुक्त रूप से आरती करके किया।

सुमेरपुर कस्बे के तीजा महोत्सव की तरह पारा रैपुरा गांव में दो दशक पूर्व छठ महोत्सव पर जल विहार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। सोमवार को इस मौके पर नयनाभिराम शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंत व सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, गुरुप्रताप सिंह परिहार, नोखेलाल यादव, ग्राम प्रधान शिवदयाल प्रजापति, पूर्व प्रधान बिहारीलाल प्रजापति व राकेश कुमार शर्मा, अनुरुद्ध प्रजापति, विजय कुमार, अवधेश प्रजापति, भैयालाल, लल्लूराम प्रजापति आदि अनेक लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा गांव के भ्रमण के बाद काली माता तालाब प्रांगण में नागनाथ लीला के साथ संपन्न हुई। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया है। शोभायात्रा के पहले आकाशवाणी छतरपुर के आल्हा गायक उमाशंकर सेन ने आल्हा सुनाकर लोगों में उत्साह भर दिया। पूर्व प्रधान बिहारीलाल प्रजापति ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

# परम्परागत निकाली धूम धाम से हाथी की सवारी

**रैकवार समाज द्वारा गांव में महामारी एवं दैवीय आपदाओं से गांव में संकट से बचने हेतु सैकड़ों वर्षों से निकलती है हाथी की सवारी**



अमन लेखनी समाचार

ललितपुर/ बैसे तो बुंदेलखंड में जन्मे लाला वीर हरदौल की की जीवन कहानी सभी ने सुनी होगी जो अपनी पहचान को किसी की मोहताज नहीं है उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के मध्य ओरछा धाम राजा राम सरकार धाम के चरणों में हजारों लोग माथा टेकने प्रति दिन आते है वहीं बुंदेलखंड में जन्मे वीर हरदौल की मौत के बाद भी अपनी भांजी की शादी में भात लेकर पहुंचना और भांजी की शादी में मामा की जिम्मेदारी निभाना हम बुंदेलखंड के लोगों को गर्भ की बात है इसी आस्था को मानते हुए ललितपुर जिला के निकटवर्ती गांव रजवारा में रैकवार समाज के लोग सैकड़ों वर्षों से गांव में प्रति वर्ष हाथी की सवारी बड़े धाम में से निकालते है जिसमें हाथी के नगर भ्रमण में रैकवार समाज के लोगों के साथ गांव के सभी जातियों के लोग शामिल होते है लोगों का मानना है की गांव हाथी की सवारी निकालने से गांव में फैलने वाली महामारी से मुक्ति पाने के लिए गांव के सभी पुर्जों के सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना की जाती है बीती रात गांव रजवारा में हाथी की सवारी बड़े धूम धाम से निकाली गई जिसमें गांव के घर घर हाथी पूजा कर दान दिया गया रैकवार समाज के जागरूक वरिष्ठ नागरिक जानकी प्रसाद ने बताया कि हाथी की सवारी लाला हरदौल की सवारी है जैसे लाला हरदौल ने अपनी बहिन की बेटी की शादी में मरकर मामा की जिम्मेदारी निभाई वैसे ही हम लोगों को हरदौल के हाथी की सवारी सभी बीमारियों से बचाती है और समाज के लोगों द्वारा परम्परा को सवारी निकालकर आज भी जिंदा रखना उनका कर्तव्य है साथ ही गांव में घर घर से मिलने वाले दान से गांव की कन्याओं को सहभोज करा कर सभी पुण्य कमाते है इस आयोजन में जानकी प्रसाद, काशीराम, हल्कू, हन्नू, जयराम, रवि, अशोक सहित समाज और गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए.

# अमेठी में मौसम ने अचानक ली करवट

**आसमान में छाए काले बादल हुई बारिश**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस भरी तेज गर्मी से आखिरकार लोगों को राहत मिल ही गई। आज दोपहर करीब तीन बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ तेज बारिश शुरू हो है ।बारिश से दिन में ही रात जैसा माहौल हो गया है। बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है तो सड़क पर पानी नजर आने लगा ।फिलहाल दोपहर में हुई बारिश से अंधेरा छा गया है। चारों तरफ पानी ही पानी नजर आने लगा है ।दरअसल पिछले कई दिनों से अमेठी में उमस भरी तेज गर्मी से जनजीवन पूरी तरह से बेहाल हो चुका था। आज सुबह से भीषण गर्मी पड़ रही थी कि अचानक तीन बजे आसमान में काले बादल छा गए और गड़गड़ाहट के साथ तेज बारिश शुरू हो गई।

# गो आश्रय स्थलों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर डीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर जनपद में संचालित गौशालाओं में हरा चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, शेड, बीमार पशुओं को उचित देखभाल इत्यादि सुविधाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने नवीन गौशालाओं के निर्माण को लेकर समीक्षा किया तथा कहा कि जिन गौशालाओं के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित हो गई है वहां पर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करें। सभी ब्लाकों व नगर निकायों में छुट्टा गोवंशों को पकड़ने के लिए शासन के आदेश के क्रम में कैटल कैचर खरीदने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से जनपद में संचालित सभी गौशालाओं पर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी गो आश्रय स्थलों पर गोवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में पशु आहार, भूसा व हरा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए साथ ही वहां पर गोवंशों हेतु पीने का स्वच्छ पानी एवं छांव की उचित व्यवस्था रहे जिन गौशालाओं में अतिरिक्त शेड बनने की व्यवस्था है वहां पर अतिरिक्त शेड बनाया जाए। बैठक में उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करें कि वह अपने गोवंशों को ना छोड़े, यदि कोई गोवंश छोड़ने पाया जाए तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



## इस दिन धूम मचाएगा रजनीकांत की 'वेट्टैयन' का पहला गाना...

**मुंबई**। सुपरस्टार रजनीकांत की 'वेट्टैयन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए सुपरस्टार ने निर्देशक टीजे ज्ञानवेल के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म की शूटिंग रजनीकांत पहले ही खत्म कर चुके हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए दी थी। साथ ही हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज की तारीख का भी खुलासा कर दिया था। वहीं, अब फिल्म से जुड़ी एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है, जो प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा देगी। अब 'वेट्टैयन' के निर्माताओं ने फिल्म के पहले गाने के बारे में अपडेट साझा किया है।

लाइफ Style



## आलिया
### दिखा जबरदस्त एक्शन अवतार

एजेंसी ▸▸ मुंबई

'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जैसी सुपरहिट फिल्म में काम करने के बाद अब एक्ट्रेस आलिया भट्ट 'जिगरा' में दिखाई देने वाली हैं। इस मूवी का उनके फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। अभी तक रोमांस, कॉमेडी जैसी कई फिल्में करने वाली एक्ट्रेस का इस मूवी में पहली बार एक्शन अवतार देखने को मिलने वाला है।

कुछ दिनों पहले फिल्म का पोस्टर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने काफी प्यार दिया। अब इसके मेकर्स ने दर्शकों की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हुए आज 8 सितंबर को फिल्म का टीजर-ट्रेलर भी जारी कर दिया है। इस मूवी में आलिया के साथ अभिनेता वेदांग रैना भी दिखाई देने वाले हैं। वेदांग मूवी में एक्ट्रेस के भाई का किरदार निभा रहे हैं। वसन बाला के निर्देशन में बनी फिल्म 'जिगरा' का टीजर-ट्रेलर एक्शन से भरा हुआ है। इस फिल्म की कहानी भाई-बहन के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती हुई दिखाई देने वाली है, जिसमें दर्शकों को देखने को मिलेगा कि कैसे एक बहन अपने भाई को बचाने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार है। हालांकि, उसके लिए यह सफर बिल्कुल भी आसान नहीं होने वाला है। ट्रेलर की शुरुआत में देखने को मिलता है कि सत्या (आलिया भट्ट) किसी से अपनी लाइफ के बारे में बात करते हुए नजर आ रही हैं। वह कहती हैं कि भगवान मेरी मां को ले गए। पिता ने खुद की जान ले ली। दूर के रिश्तेदारों ने हमें पनाह दी और फिर हमने इसके लिए भारी किराया वसूल लिया। इसके बाद आलिया कहती हैं कि छोड़ो न भाटिया साहब कहानी बहुत लंबी है और मेरे भाई के पास वक्त बहुत-बहुत कम है।

हॉलीवुड मसाला



## पॉप स्टार व खिलाड़ी का दिखेगा रोमांस

**लॉस एंजिल्स**। मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट को हाल ही में, अपने प्रेमी ट्रैविस केल्स के मैच के दौरान उनका हौसला बढ़ाते हुए देखा गया। ट्रैविस केल्से एक फुटबॉल खिलाड़ी हैं, जो कैनसस सिटी चीफ्स की ओर से खेलते हैं। उनकी टीम ने बाल्टीमोर रेवेन्स को मात दी है। दोनों का रिश्ता काफी चर्चा में हैं और इसी बीच खबर आ रही है कि दोनों के रिश्ते से प्रेरित होकर एक फिल्म भी बनाई जा रही है। टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस ने पहली दफा अपने अफेयर की पुष्टि अक्टूबर 2023 में की थी। दोनों को साथ आए एक साल होने वाला है।



## जेनिफर की 'अनस्टॉपेबल' का हुआ प्रीमियर...

**लॉस एंजिल्स**। जेनिफर लोपेज की नई फिल्म अनस्टॉपेबल का हाल ही में, टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ। इसका निर्माण बेन एफ्लेक ने किया है, जिनसे जेनिफर ने तलाक की अर्जी दाखिल कर रखी है। फिल्म के निर्देशक ने दोनों को लेकर अपनी राय साझा की है। जेनिफर लोपेज अपनी नई फिल्म अनस्टॉपेबल को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में, अनस्टॉपेबल का टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ। इस फिल्म का निर्देशन विलियम गोल्डनबर्ग ने किया है और बेन एफ्लेक इसके सह-निर्माता हैं। जेनिफर अपने तलाक की वजह से भी कई दिनों से चर्चा में हैं। अनस्टॉपेबल के निर्देशक ने फिल्म के साथ-साथ जेनिफर और बेन से अपने रिश्ते को लेकर कुछ बातें साझा की है।



## 'जवान' की रिलीज का एक साल पूरा...

**मुंबई**। शाहरुख खान की फिल्म जवान ने आज अपनी रिलीज का एक साल पूरा कर लिया है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री नयनतारा ने इसका जश्न इंस्टाग्राम पर खास स्टोरी साझा करके मनाया है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म जवान ने साल 2023 में आज ही के दिन सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। फिल्म ने अपनी रिलीज के एक साल आज (7 सितंबर) पूरे कर लिए। फिल्म की अभिनेत्री नयनतारा ने जवान की पहली सालगिरह का जश्न खास अंदाज में मनाया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म के 'चलेया' गाने की एक तस्वीर साझा की है। इस फोटो में नयनतारा रोमांटिक पोज में किंग खान के साथ नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, जवान के एक साल पूरे। फिल्म चलेया गाना दर्शकों को खूब पसंद आया था।



## साझा किया रहस्यमयी मोशन पोस्टर...

**मुंबई**। अक्षय कुमार ने अपने प्रशंसकों की उत्सुकता को एक बार फिर बढ़ा दिया है। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक दिलचस्प मोशन पोस्टर साझा किया है। इस पोस्टर ने प्रशंसकों और इंडस्ट्री के लोगों के बीच अटकलों को तेज कर दिया है। बिना नाम वाले इस मोशन पोस्टर में शाही लाल पर्दों के साथ धातु का बना हुआ भयावह चेहरा नजर आ रहा है। यह मोशन पोस्टर अक्षय कुमार के जन्मदिन पर होने वाली एक बड़ी घोषणा की ओर इशारा करता है। पोस्टर में बताया गया है कि जल्द ही एक बड़ी घोषणा होने वाली है। इसके बाद से अभिनेता की आगामी परियोजना को लेकर कई तरह की अटकलें और सवाल सामने आ रहे हैं। मोशन पोस्टर के सामने आने के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि क्या यह अक्षय कुमार-प्रियदर्शन के बीच बहुप्रतीक्षित सहयोग हो सकता है?

टीवी मसाला

## इन सितारों ने भी चलते शो को बीच में कहा अलविदा...

*मुंबई। हिंदी टेलीविजन सीरियल्स सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। जब दर्शकों को किसी शो की कहानी पसंद आती है तो वह न सिर्फ उसे अपना प्यार देते हैं, बल्कि उसके कलाकारों को भी अपना मान लेते हैं। वहीं, जब ये सितारे अचानक से शो से बाहर हो जाते हैं, तो इससे दर्शकों को तगड़ा झटका लगता है। हाल ही में टीआरपी की रेस में अधिकतर नंबर वन पर रहने वाले सीरियल 'अनुपमा' से वनराज का किरदार निभाने वाले कलाकार सुधांशु पांडे ने विदा ले ली। इससे उनके चाहनेवालों को तगड़ा झटका लगा। हालांकि, सिर्फ सुधांशु ही नहीं पहले भी कई ऐसे सितारे रहे हैं जिन्होंने चर्चित शो को बीच में ही छोड़ दिया। आइए इन कलाकारों की सूची पर गौर फरमा लेते हैं-*



सुधांशु पांडे ने बीते दिन शो 'अनुपमा' से विदा लेने की खबर साझा कर हर किसी का दिल तोड़ दिया। अभिनेता ने लाइव सेशन के दौरान कहा, 'मैं आप सभी को भारी मन से बताना चाहता हूं कि मैं अब अनुपमा शो का हिस्सा नहीं हूं। रक्षा बंधन एपिसोड से मैं शो में काम नहीं कर रहा हूं। इस बात को इतने दिन बीत गए हैं, मैंने सोचा कि कहीं मेरी ऑडियंस मुझसे नाराज न हो, इसलिए मैंने सोचा कि मेरी जिम्मेदारी बनती है कि मैं यह सब आपको खुद बताऊं। मैं कई नए किरदार निभाऊंगा, एक ही भूमिका में आपको बोर नहीं करूंगा। कृपया भविष्य में भी मेरा समर्थन करते रहें।'



चारू असोपा ने 'कैसा है ये रिश्ता अंजाना' से बाहर होने की घोषणा कर सबको चौंका दिया था। उन्होंने खुलासा किया था कि वह अपनी बेटी को अधिक समय देना चाहती हैं और टीवी से ब्रेक लेना चाहती हैं। चारू ने कहा था, 'इन परिस्थितियों ने मुझे एहसास कराया कि घर पर मेरी जरूरत है। मैं समझ गई हूं कि जियाना की देखभाल के साथ-साथ मैं डेली सोप का प्रबंध नहीं कर सकती। मैं उसके विकास के हर पहलू की निगरानी करना चाहती हूं। ये उसके प्रारंभिक वर्ष हैं और मजबूत मूल्यों को स्थापित करने के लिए मुझे वहां रहने की जरूरत है। मुझे डेली सोप से ब्रेक लेना होगा क्योंकि उन्हें कम से कम 14 घंटे की जरूरत होती है।'



हिना खान को 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अक्षरा के यादगार किरदार के लिए सराहा गया है। यह कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात थी जब उन्होंने लगभग 8 साल बाद शो छोड़ने का फैसला किया। शो के लीप से प्रभावित होकर उनका जाना विवादास्पद था। इसके बाद, वह 'बिग बॉस' और बाद में 'खतरों के खिलाड़ी' शो में नजर आई थीं। ऐश्वर्या शर्मा ने शो 'गुम है किसी के प्यार में' में पाखी का किरदार निभाया था। वहीं, उन्होंने शो छोड़ने के बाद खूब सुर्खियां बटोरीं। शुरुआत में विलेन के रूप में चित्रित किया गया, उनका किरदार लीप के बाद सकारात्मक रूप में विकसित हुआ, जिससे उन्हें महत्वपूर्ण प्रशंसा मिली। हालांकि, ऐश्वर्या ने नए किरदार और नए अवसर को तलाशने की इच्छा व्यक्त की। बाद में वह 'खतरों के खिलाड़ी' और 'बिग बॉस 17' में नजर आईं।



'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दया बेन के कभी न भूलने वाले किरदार के लिए मशहूर दिशा ने दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी है। अभिनेत्री 2017 में मैटरनिटी लीव पर गईं और दुर्भाग्य से उसके बाद वापसी नहीं की। फैंस उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी वापसी को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## बॉक्स ऑफिस पर नहीं थम रहा सरकटे का आतंक...

**नई दिल्ली**। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' (Stree 2) का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार है। वैसे चौथे हफ्ते कमाई में गिरावट आई है, लेकिन अभी भी फिल्म मजबूती के साथ बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई है।



तीसरे हफ्ते ही फिल्म ने 500 करोड़ क्लब में एंट्री मार दी थी। जानिए पिछले 24 दिनों में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म ने कितना बिजनेस कर लिया है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की 'स्त्री 2' ने चौथे हफ्ते के शुक्रवार को 8.84 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था, वहीं, 25वें दिन यानी चौथे शनिवार को फिल्म की कमाई में 81.20 फीसदी का उछाल आया है। इस तरह फिल्म ने पिछले 24 दिनों में 540 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है।

### 'पठान' का रिकॉर्ड तोड़ेगी 'स्त्री 2'

आज यानी चौथे रविवार को 'स्त्री 2' फिल्म शाहरुख खान की 'पठान' की कमाई का रिकॉर्ड तोड़ देगी। पिछले साल रिलीज हुई 'पठान' ने देशभर में 543.05 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। 'स्त्री 2' ने पहले हफ्ते 307.80 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। दूसरे हफ्ते 145.80 करोड़ और तीसरे हफ्ते फिल्म की 72.83 करोड़ रुपये की कमाई हुई है।

## रईसी में किसी से कम नहीं ये भोजपुरी एक्ट्रेस, इतनी संपत्ति की हैं मालकिन...

*मुंबई। लोकप्रियता के मामले में भोजपुरी अभिनेत्रियां किसी से कम नहीं। बॉलीवुड और साउथ एक्ट्रेस की तरह ही क्षेत्रीय सिनेमा की इन अभिनेत्रियों का फैन बेस है। सोशल मीडिया पर भी ये खूब चर्चा में रहती हैं। यही वजह है कि नेटवर्थ के मामले में भी भोजपुरी एक्ट्रेस करोड़ों की मालकिन हैं। आइए जानते हैं किसके पास कितनी संपत्ति है...*

*मोनालिसा भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री हैं। वह न सिर्फ भोजपुरी, बल्कि हिंदी सिनेमा और टेलीविजन जगत में भी सक्रिय हैं। रईसी के मामले में वह किसी से कम नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मोनालिसा की नेटवर्थ करीब 40 करोड़ रुपये है।*



*अक्षरा सिंह को भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन कहा जाता है। अक्षरा सिंह अपने अभिनय से तो फैंस के बीच लोकप्रिय हैं हीं, साथ ही सिंगिंग से भी दिल जीत लेती हैं। उन्होंने कई हिट गाने गाए हैं। एक्टिंग और सिंगिंग से उनकी काफी अच्छी इनकम होती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षरा सिंह के पास करीब 50 से 60 करोड़ रुपये नेट वर्थ है।*

*रानी चटर्जी अपने अभिनय के साथ-साथ फिटनेस के लिए भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी वे उनकी फिटनेस देखने लायक है। एक्ट्रेस नियमित रूप से कसरत करती हैं और सोशल मीडिया पर फैंस के साथ झलकियां साझा करती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टेस रानी चटर्जी की नेटवर्थ 7 करोड़ रुपये से अधिक है।*

*इसी तरह अभिनेत्री आम्रपाली दुबे भी भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित एक्ट्रेस में शामिल हैं। आम्रपाली दुबे की नेटवर्थ करीब 14 करोड़ रुपये बताई जाती है। उनके अलावा काजल राघवानी का नाम भी पॉपुलर अभिनेत्रियों में शामिल है। काजल की नेटवर्थ भी 14 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

### फिर भी कमाल नहीं दिखा पाई बाक्स आफिस पर

## विवाद के चलते बदलना पड़ा इन फिल्मों का नाम

*मुंबई। फिल्मों को विवादों में आना एक आम बात है। कभी विवाद के कारण रिलीज में देरी हो जाती है तो कभी सीन ही हटाने पड़ते हैं तो कभी नाम ही बदलना पड़ता है। अक्सर सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कारणों से ऐसा होता है, ताकि किसी समुदाय या समूह की भावनाएं आहत न हों। आज हम कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका विवाद के कारण नाम बदला जा चुका है।*

### सत्यप्रेम की कथा

कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी अभिनीत इस फिल्म का पहले नाम सत्यनारायण की कथा था। फिल्म का यह नाम धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकता था, विशेषकर हिन्दू समाज को। सत्यनारायण हिन्दू धर्म में पूजनीय है, इसलिए फिल्म के नाम से धार्मिक विवाद खड़ा हो गया। विरोध के चलते फिल्म निर्माताओं ने नाम बदलकर 'सत्यप्रेम की कथा' कर दिया था।

### सम्राट पृथ्वीराज

अक्षय कुमार द्वारा अभिनीत और डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा निर्देशित इस फिल्म का नाम पहले केवल पृथ्वीराज था। यह पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित है। श्री राजपूत करणी सेना ने इस नाम पर आपत्ति जताई, वो पृथ्वीराज को सही सम्मान नहीं दिए जाने से नाराज थे। इसके बाद, फिल्म निर्माताओं ने राजपूत समुदाय की भावनाओं का सम्मान करते हुए इसका नाम बदलकर सम्राट पृथ्वीराज कर दिया था।

### लक्ष्मी

अक्षय कुमार की ही एक और फिल्म 'लक्ष्मी' पहले लक्ष्मी बॉम्ब के नाम से रिलीज होने वाली थी। इस नाम ने धार्मिक और सांस्कृतिक विवाद खड़ा कर दिया था। लक्ष्मी हिन्दू धर्म की देवी हैं और बॉम्ब शब्द के साथ उनका नाम जोड़ना अनुचित माना गया, जिसके चलते फिल्म का नाम बदलकर केवल लक्ष्मी कर दिया गया ताकि देवी लक्ष्मी के प्रति सम्मान बना रहे।

### पद्मावत

संजय लीला भंसाली की फिल्में अक्सर विवादों में रहती हैं। पद्मावत पर तो जमकर बवाल मचा था। शुरुआत में इसका नाम चित्तौड़ की रानी पद्मावती के आधार पर पद्मावती था, लेकिन कई राजपूत संगठनों ने फिल्म पर आरोप लगाया कि इसमें रानी पद्मावती के चरित्र और इतिहास को गलत तरीके से दिखाया गया है। उन्होंने दावा किया था कि फिल्म में रानी और अलाउद्दीन खिलजी के बीच एक काल्पनिक सीन दर्शाया गया है, जो राजपूत गौरव और मान-सम्मान के खिलाफ है।



